www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
पत्र नहीं; मित्र
RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 9 । अंक –174 । नर्मदापुरम, सोमवार 21 सितम्बर 2026 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

कुशीनगर एक्सप्रेस के इंजन से उठा धुंआ, एक घंटा देरी से हुई रवाना — पृष्ठ 2
▸ राहुल मेहनत कर रहे हैं और कांग्रेसी उस पर पानी फेर रहे
▸ हर देश के लिए जरूरी है 'शांति मंत्रालय' — पृष्ठ 4
▸ तहसीलदार की समझाइश के बाद कब्जाधारी ने छोड़ी जमीन — पृष्ठ 6
साढ़े 3 लाख से अधिक शासकीय भर्तियां की जाएंगी — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### इंडिगो की उड़ान ने इमरजेंसी के चलते लखनऊ में की लैंडिंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बैंकॉक से दिल्ली जा रही इंडिगो की उड़ान को मेडिकल इमरजेंसी के चलते शनिवार देर रात लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया और वहां विमान की लैंडिंग हुई। यह जानकारी सूत्रों की ओर से दी गई। एयरपोर्ट से जुड़े सूत्रों ने बताया कि बैंकॉक से दिल्ली की उड़ान के दौरान एक यात्री की स्वास्थ्य स्थिति अचानक गंभीर हो गई थी, जिसे देखते हुए पायलट ने लखनऊ एयरपोर्ट पर मेडिकल इमरजेंसी लैंडिंग का फैसला लिया। सूत्रों के मुताबिक, इंडिगो की उड़ान 6ई1054, बैंकॉक से दिल्ली जा रही थी, जिसे एक यात्री की तबीयत अचानक बिगड़ने के कारण लखनऊ डायवर्ट किया गया। यात्री को सीने में तेज दर्द और सांस लेने में परेशानी की शिकायत थी।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एक्ट में बदलाव की हो रही तैयारी

**कोच्चि, एजेंसी।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) चार्टर्ड अकाउंटेंट्स से जुड़े कानून और नियमों में बदलाव चाहता है और इसके लिए वह सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है। आईसीएआई की केंद्रीय परिषद के सदस्य सतीश कुमार गुप्ता ने शनिवार शाम यहां बताया कि साल 1949 में संस्थान की स्थापना के बाद से पहली बाद परिषद चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एक्ट, नियम और शिड्यूल में बदलाव पर विचार कर रहा है। इसमें कई तरह के बदलाव सुझाए गए हैं। मीडिया से एक मुलाकात के दौरान उन्होंने बताया कि आईसीएआई इस दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है और जल्द ही ठोस परिणाम देखने को मिलेंगे।

### डंपर ने क्रेन, ऑटो को मारी टक्कर, 3 लोगों की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के सरिता विहार इलाके में रविवार तड़के एक डंपर ट्रक ने खड़ी क्रेन और ऑटो-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, हादसा सुबह करीब 3:20 बजे हुआ। हरियाणा का डंपर नोएडा से आ रहा था और उसने सड़क पर खड़ी क्रेन तथा ऑटो-रिक्शा को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि क्रेन और ऑटो का इस्तेमाल ट्रैफिक पुलिस के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने वाले कर्मचारी कर रहे थे। इसी दौरान डंपर ने दोनों वाहनों को टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान संगम विहार निवासी उमेश (23) और प्रवीण (35) तथा एचआर प्रबंधक सूरज (34) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सूरज के बारे में अन्य जानकारी उनके नियोक्ता से जुटाई जा रही है।

### इमरान खान की बहन अलीमा खान लाहौर में गिरफ्तार

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान पुलिस ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान को रविवार को लाहौर स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा 27 सितंबर को इस्लामाबाद में प्रस्तावित विरोध मार्च से कुछ दिन पहले हुई है। 'द न्यूज इंटरनेशनल' ने पार्टी सूत्रों के हवाले से बताया कि अलीमा खान को 1960 के मेंटेनेंस ऑफ पब्लिक ऑर्डर अध्यादेश की धारा तीन के तहत हिरासत में लिया गया है। लाहौर जिला प्रशासन की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, उन्हें 30 दिनों तक हिरासत में रखने का आदेश दिया गया है।

### गणपति पंडाल के पास विद्युत करंट से 2 की मौत

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मध्य मुंबई में शनिवार देर रात एक गणपति पंडाल के पास करंट लगने से एक नाबालिग लड़की और एक महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। अधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने बताया कि यह घटना दक्षिण-मध्य मुंबई के कालाचौकी में दत्ताराम लाड मार्ग पर कालाचौकी विभाग सार्वजनिक उत्सव मंडल के पास कल रात करीब 0220 बजे हुई, जहां गणपति दर्शन के लिए भारी भीड़ जमा हुई थी। मुंबई अग्निशमन विभाग को घटना की जानकारी करीब 0242 बजे मिली और वे मौके पर पहुंचे। मंडल के प्रवेश के पास एक अस्थायी पीने के पानी के स्टॉल पर करंट का पता चला। अग्निशमन विभाग , मुंबई पुलिस, बेस्ट और ई-वार्ड नागरिक अधिकारियों के लोग मौके पर पहुंचे और तुरंत बिजली आपूर्ति काट दी और एहतियात के तौर पर इलाके को भी घेर लिया गया था। बेस्ट अधिकारियों के मुताबिक पोल नंबर डीएलएम-14 के पास दिग्विजय मिल चॉल में निरीक्षण किया गया, जहां गणपति लाइटिंग और कोल्ड-ड्रिंक स्टॉल के लिए एक अस्थायी बिजली मीटर लगाया गया था।

विशेष गहन पुनरीक्षण में विवरण का नहीं हुआ मिलान

# दिल्ली के 33 लाख मतदाताओं को नोटिस



### आडवाणी, सिसोदिया केजरीवाल व कपिल सिब्बल शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के तहत दिल्ली में एक बड़ा मामला सामने आया है। निर्वाचन आयोग द्वारा विवरणों में कथित विसंगतियों के कारण नोटिस पाने वाले 33 लाख मतदाताओं की सूची में पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जैसी कई प्रमुख हस्तियों के नाम भी शामिल हैं।

98 वर्षीय आडवाणी, उनकी बेटी प्रतिभा और बहू गीतिका को नोटिस जारी किए गए हैं, क्योंकि उनके नाम 2002 के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मतदाता सूची से मेल नहीं खा पाए। हालांकि, उनके बेटे जयंत इस मैपिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पार कर चुके हैं। ये सभी नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र के मतदाता हैं। आप नेता और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, उनकी पत्नी सीमा और उनके बेटे मीर को भी नोटिस मिला है। अधिकारियों के अनुसार, बेटे मीर के नोटिस में माता-पिता के नाम में विसंगति और पत्नी सीमा के नोटिस में उनके अपने नाम में बेमेल का कारण बताया गया है। इस सूची में आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल के नाम भी शामिल हैं।

### 29 अक्टूबर तक जमा कराने होंगे दस्तावेज

मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि तथ्यों और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही इन नामों को अंतिम मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। मतदाताओं को अपने जवाब और दस्तावेज संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के पास 29 अक्टूबर तक जमा कराने होंगे, जबकि दावों और आपत्तियों का चरण 30 सितंबर को समाप्त होगा।

**फॉर्म में विसंगतियों के चलते दिया नोटिस** : 30 जून से 17 अगस्त के बीच चलाए गए घर-घर सत्यापन अभियान के दौरान प्रत्येक मतदाता को एक गणना फॉर्म जमा करना आवश्यक था। मसौदा सूचियों में शामिल लगभग 97 लाख मतदाताओं में से 33.13 लाख मतदाताओं को उनके फॉर्म में विसंगतियों के चलते नोटिस के लिए चिह्नित किया गया है, जिसमें से अब तक 31.63 लाख से अधिक नोटिस दिए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने चीता प्रोजेक्ट की सफलता पर जताई प्रशंसा

# कुनबा बढ़ा, गांधी सागर अभयारण्य में दौड़ी राधा




**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को नीमच-मंदसौर जिले के गांधी सागर वन्य अभयारण्य में मादा चीता राधा को छोड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा राधा अष्टमी के उपलक्ष्य में मादा चीता का नामकरण राधा किया। डॉ. यादव ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ चीता प्रोजेक्ट सफलता के नये मानदण्ड स्थापित कर रहा है।

वहीं मध्यप्रदेश में विलुप्त हो चुके वन जीवों को पुर्नस्थापित करने का कार्य किया जा रहा है। गत वर्ष छोड़े गये चीतें पूरी तरह स्वस्थ है। डॉ यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में चीता प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है, प्रदेश में चीतों की बढ़ती हुई संख्या इसका प्रमाण है। हमारा सौभाग्य है मध्यप्रदेश वन्यजीवों की विविधता से भरपूर है। हमारा प्रदेश चीता स्टेट के साथ टाइगर स्टेट, घड़ियाल स्टेट और गिद्ध स्टेट के रूप में भी जाना जाने लगा है। असम से जंगली भैंसे भी लाएं गए हैं और प्रदेश में गजराज की संख्या भी लगभग 100 हो गई है। गांधी सागर अभयारण्य में छोड़े गए चीतों से वन्यजीव संरक्षण के साथ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय नागरिकों के लिये रोजगार एवं आजीविका के लिए नए अवसर मिलेंगे। डॉ यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रदेश का चीता प्रोजेक्ट एशिया का पहला प्रोजेक्ट है। एशिया से चीते गायब हो गए थे, प्रधानमंत्री श्री मोदी के आशीर्वाद से राज्य सरकार ने संकल्प लिया और चीतों के पुनर्वास का अभियान शुरू किया। प्रदेश में चीतों की संख्या अब लगातार बढ़ती जा रही है। जहां सैकड़ों साल पहले चीतें विलुप्त हो गए थे, वहीं अब वे स्थानीय वातावरण में खेलते-कूदते दिखाई दे रहे हैं। यह वन्य जीवों के प्रति जीयों और जीने दो के सिद्धांत के आधार पर प्राप्त उपलब्धि का प्रतीक है।

**रोजगार के नए अवसर मिलेंगे**

## गृहमंत्री अमित शाह की बिगड़ी तबीयत



**हुबली, एजेंसी।** कर्नाटक के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अचानक तबीयत बिगड़ गई। वह फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए, जिसके चलते उन्हें अपने सभी तय सार्वजनिक और उद्घाटन कार्यक्रम रद्द करने पड़े। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इस बात की आधिकारिक जानकारी देते हुए बताया कि अब अमित शाह की सेहत में सुधार है और वह पूरी तरह ठीक हैं।

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मीडिया से बातचीत में स्पष्ट किया कि फूड पॉइजनिंग और उल्टी होने के कारण अमित शाह को काफी कमजोरी आ गई थी, जिसके चलते डॉक्टरों ने उन्हें सफर न करने की सलाह दी। शाह की गैरमौजूदगी में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, कर्नाटक के चिकित्सा शिक्षा मंत्री शरण प्रकाश पाटिल, पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और बेलगावी के सांसद जगदीश शेट्टार ने संयुक्त रूप से संस्थानों का उद्घाटन संपन्न कराया। जोशी ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद गृह मंत्री की हालत अब सामान्य और स्थिर है।

### कर्नाटक दौरे पर फूड पॉइजनिंग के चलते रद्द हुए कार्यक्रम

## आईआईटी बॉम्बे आत्महत्या मामला : प्रोफेसर पर एफआईआर दर्ज

**मुंबई, एजेंसी।** आईआईटी बॉम्बे में स्टूडेंट साहिल रविंद्र वाकोडे की आत्महत्या के मामले में प्रोफेसर सूर्यनारायण डल्ला पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। साहिल के पिता ने प्रोफेसर पर बेटे को करीब 3 महीने से जातिसूचक गालियां देने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। साहिल के पिता ने अपनी शिकायत में आईआईटी बॉम्बे के डायरेक्टर श्रीशिश बी. केदारे, कुछ फैकल्टी मेंबर्स और सीनियर अधिकारियों के नाम भी दिए हैं। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि डायरेक्टर के निर्देश पर साहिल का उत्पीड़न किया गया। पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने और एस सी/एसटी एक्ट की संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। मामले की जांच अब मुंबई क्राइम ब्रांच कर रही है। साहिल 22 साल का था और एनर्जी साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग में सेकंड ईयर बीटैक का छात्र था।

# मणिपुर के फिर हिंसक प्रदर्शन

- कांगपोकपी में प्रदर्शनकारियों ने नेशनल हाईवे खोदा, पत्थर फेंके
- 7 कुकी ग्रामीणों की हिरासत का विरोध कर रहे थे



**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। अब कांगपोकपी जिले में 7 कुकी ग्रामीणों की हिरासत के विरोध में हिंसक प्रदर्शन हुए। मोतबुंग और आसपास के इलाकों में प्रदर्शनकारियों ने सड़कें रोकीं, टायर जलाए और सरकारी वाहनों पर पत्थर फेंके।

सुरक्षा बलों ने भीड़ को हटाने के लिए कई राउंड आंसू गैस के गोले छोड़े। अधिकारियों के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने बाद में सातों गांव स्वयंसेवकों को छोड़ दिया। इसके बाद प्रदर्शन खत्म हो गया और जिले में स्थिति नियंत्रण में है। प्रदर्शनकारियों का दावा था कि खोलेन गांव के सात लोगों को सुरक्षा बलों ने बिना कारण बताए हिरासत में लिया। खोलेन गांव जिले के नागा-बहुल चावांगकिनिंग गांव के पास है। खोलेन गांव पर हाल ही में हथियारबंद उपद्रवियों ने हमला किया था। अधिकारियों के अनुसार, प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षा बलों के वाहनों को रोकने के लिए मोतबुंग में राष्ट्रीय राजमार्ग-2 (इंफाल-दीमापुर) के कुछ हिस्से भारी निर्माण उपकरणों से खोद दिए। प्रदर्शन के दौरान कुछ लोग घायल हुए। उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने बाद में सात गांव स्वयंसेवकों को रिहा कर दिया। अधिकारी ने कहा, 'जिले में अब स्थिति नियंत्रण में है।'

### सीआरपीएफ कार्रवाई की निंदा की


कुकी समुदाय के शीर्ष संगठन कुकी इनपी मणिपुर ने सात ग्रामीणों की हिरासत की निंदा की। संगठन ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) पर हिरासत लेने का आरोप लगाया। बयान में कहा कि हथियारबंद उपद्रवियों द्वारा कुकी महिलाओं की हत्या के जिम्मेदार लोगों पर अधिकारियों ने पर्याप्त कार्रवाई नहीं की। इसके बजाय स्थानीय नागरिकों को हिरासत में लिया गया।

### दिल्ली में प्रॉपर्टी डीलर की पीट-पीटकर हत्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के पॉश इलाके कालकाजी में एक प्रॉपर्टी डीलर की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना में मृतक प्रॉपर्टी डीलर का भी भाई गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे बाद में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतक की पहचान 48 वर्षीय मंजीत सिंह के रूप में हुई। परिजनों ने एक परिवार पर मंजीत सिंह की हत्या और उसके दूसरे भाई से मारपीट करने के आरोप लगाए हैं। मृतक की बहन ने कहा कि मंजीत सिंह की पीट-पीटकर हत्या की गई है। उन्होंने कहा, 'मेरे भाई को बुरी तरह पीटा गया। आरोपियों ने उसे वहीं मौके पर ही मार डाला।' रज्जी चौधरी नाम की महिला पर आरोप लगाते हुए मंजीत की बहन ने कहा, 'रज्जी चौधरी अपने पति, बेटों और बेटी के साथ मौजूद थी। वे सभी इसमें शामिल थे और सबने मिलकर उसे मारा। उन्होंने मंजीत के सिर पर वार किया। मेरे भाई के सिर पर किसी चीज से चोट पहुंचाई। सिर पर चोट लगने से वह गिर पड़ा।

छात्रा के सवाल पर राहुल गांधी ने सरकार को घेरा

# सरकार के पास दिया जलाने का पैसा, हॉस्टल का नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में एक छात्रा द्वारा पूछे गए सवाल पर सरकार को घेरा है। उन्होंने रविवार को एक्स पर अपनी पोस्ट में छात्रा का सवाल लिखा कि सरकार के पास दिया जलाने के लिए पैसा है-हमारे हॉस्टल के लिए क्यों नहीं। राहुल गांधी ने कहा कि यह सवाल कल इंदौर में एक छात्रा ने मुझसे पूछा। गांव से पढ़ने शहर आई छात्रा ने कहा कि हॉस्टल है नहीं, तो पीजी में रहना पड़ता है। सिर्फ सुरक्षित रहने में लाखों खर्च हो जाते हैं। हर महीने किराए की चिंता और बेघर होने का डर इसी में पढ़ाई करनी पड़ती है। कई लड़कियां इसी वजह से पढ़ाई छोड़ देती हैं। सिर्फ इसलिए कि रहने की जगह नहीं है। आवास भत्ता महंगाई के साथ बढ़ता नहीं और ऊपर से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में पीएम मोदी से इस सवाल का जवाब मांगते हुए कहा कि क्या उस बच्ची के सवाल का कोई जवाब है। इंदौर में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम से पहले राहुल गांधी कोटा, पुणे, प्रयागराज आदि स्थानों पर छात्रों से संवाद कर चुके हैं।

**शिक्षा-रोजगार जैसे मुद्दों पर बात की** : राहुल गांधी ने शनिवार को इंदौर में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के पांचवें संस्करण में हिस्सा लिया। इसका विषय 'सिस्टम बनाम स्टूडेंट्स' था। यह कार्यक्रम इससे पहले कोटा, देहरादून, प्रयागराज और पुणे में भी हो चुका है। इंदौर में छात्रों ने शिक्षा, भर्ती, परीक्षा, आरक्षण, हॉस्टल और रोजगार से जुड़े मुद्दे उठाए।

### राहुल गांधी छात्रों के साथ खड़े : कांग्रेस

कांग्रेस ने भाजपा और आरएसएस पर शिक्षा व्यवस्था को खोखला और भ्रष्ट करने का आरोप लगाया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि राहुल गांधी छात्रों के साथ खड़े हैं, इसलिए सरकार से सवाल पूछ रहे हैं और जवाबदेही मांग रहे हैं।

### कांग्रेस जोकरों की पार्टी बन गई है: भाजपा

इंदौर में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने राहुल गांधी की आलोचना की। भाजपा ने आरोप लगाया है कि कार्यक्रम में पीएम मोदी की मां का अपमान किया गया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को एक्स पर पोस्ट में लिखा- कांग्रेस पार्टी कॉमेडियंस और जोकर्स की पार्टी बन गई है। वे हमेशा के लिए बाहर हो गए हैं... रेस्ट इन पीस। शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा- राहुल और कांग्रेस पार्टी नैतिक दिवालियापन के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए हैं।

# अमेरिका हमला करने की तैयारी में: ईरान

- सैन्य कमांड ने कहा, साझेदारों को भुगतना पड़ेगा अंजाम
- अचानक व्हाइट हाउस लौटे ट्रंप

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के मिलिट्री हेडक्वार्टर ने मध्य पूर्व के देशों को चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका उनके ठिकानों से ईरान पर फिर से बड़े हमले करता है, तो उन्हें भी 'साझेदार' माना जाएगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सरकारी प्रसारक प्रेस टीवी के अनुसार, ईरान के केंद्रीय सैन्य कमांड ने ये बयान जारी किया, जिसके मुताबिक उन्हें जानकारी मिली है कि अमेरिका, कुछ क्षेत्रीय देशों के समर्थन से, ईरान के खिलाफ फिर से कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि सेना का कहना है कि अमेरिका के किसी भी हमले के जवाब में इस क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी ठिकानों और हितों पर लगातार हमले किए जाएंगे। साथ ही यह चेतावनी भी दी कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी आक्रामकता का समर्थन करने वाले क्षेत्रीय देशों को भी इस संघर्ष में शामिल पक्ष माना जाएगा। खातम अल-अंबिया हेडक्वार्टर ने बयान में कहा, 'हम चेतावनी देते हैं कि अगर इस इलाके के देश इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के प्रति अपनी दोहरी नीति जारी रखते हुए एक ताकतवर और संप्रभु ईरान के खिलाफ अमेरिका के आक्रामक हमले में साथ देते हैं, तो उन्हें भी इस काम में साझेदार माना जाएगा और वे ईरान की ताकतवर सेना से संयम या शालीनता की उम्मीद नहीं कर सकते।' ये बयान मिडिल ईस्ट में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव की खबरों के बीच आया है। दरअसल, पिछले कुछ घंटों में अमेरिका ने मध्य पूर्व में मौजूद अपने दूतावासों, मिशनों और नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की। अमेरिकी विदेश विभाग ने लोगों से ज्यादा सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

अटकलों को हवा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कैंप डेविड दौरा एक दिन पहले खत्म कर लौटने की वजह से भी उड़ी। शनिवार शाम व्हाइट हाउस लौट आए। ट्रंप की जल्दी वापसी की वजह व्हाइट हाउस ने स्पष्ट नहीं की। इस बीच ईरान के प्रेस टीवी ने भी उत्तर-पूर्वी सीरिया के अल-हसकाह में खाराब अल-जिर एयरबेस के पास एयर डिफेंस एक्टिविटी की जानकारी दी।

टाटा संस के फैसले की वैधता पर सवाल उठाया

# चंद्रशेखरन की नियुक्ति को दी चुनौती

- चेयरमैन के वोटिंग अधिकार पर भी दिया स्पष्टीकरण
- साइरस मिस्त्री मामले का भी दिया हवाला

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा ट्रस्ट्स ने रविवार को यह कहते हुए टाटा संस के चेयरमैन के रूप में एन.चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति को चुनौती दी कि आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन (एओए) के तहत, किसी भी प्रस्ताव के पास होने के लिए टाटा ट्रस्ट्स की ओर से नामित डायरेक्टर्स का बहुलता में वोट होना आवश्यक है, जो कि इस प्रस्ताव को नहीं मिला।

टाटा संस में 66 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले टाटा ट्रस्ट्स ने अपने बयान में कहा कि टाटा संस के बोर्ड में ट्रस्ट्स की ओर से दो नामित डायरेक्टर्स हैं और किसी भी प्रस्ताव को पास करने के लिए दोनों का पक्ष में होना जरूरी है और 17 सितंबर को हुई बोर्ड बैठक में चंद्रशेखरन की दोबारा नियुक्ति के प्रस्ताव खिलाफ एक डायरेक्टर ने विपक्ष में वोट दिया था, जो दिखाता है कि एओए में दी गई शर्त पूरी नहीं हुई है। बयान में आगे कहा गया कि टाटा संस के बोर्ड में दो टाटा ट्रस्ट्स के नामित डायरेक्टर्स हैं और बहुलता का मतलब दो है न कि एक। ट्रस्ट्स ने ग्रुप के अंदर कोई गतिरोध होने से इनकार करते हुए कहा कि बोर्ड ने एक सवाल पूछा और एओए ने उसका जवाब 'नहीं' में दिया। कंपनी के अपने संविधान से मिले सुरक्षा के अधिकार का इस्तेमाल करना कोई गतिरोध नहीं है। यह तो बस उस संविधान का उसी तरह काम करना है, जिस तरह उसे काम करने के लिए बनाया गया था। चेयरमैन के वोटिंग अधिकार पर स्पष्टीकरण देते हुए ट्रस्ट्स ने आगे कहा कि चेयरमैन का वोट तभी इस्तेमाल किया जा सकता है जब पूरे बोर्ड के स्तर पर वोट बराबर हों। यह नियम टाटा ट्रस्ट्स के नॉमिनी डायरेक्टर्स पर लागू नहीं होता। वोट का नतीजा 4:1 था या कुछ और, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। केवल महत्वपूर्व यह था कि शर्त या तो पूरी होती है या नहीं होती, इस मामले में शर्त पूरी नहीं हुई। टाटा ट्रस्ट्स के मुताबिक, एओए कोई ऐसी सुविधा नहीं है जिस पर जरूरत पड़ने पर तो भरोसा किया जाए और जरूरत न होने पर उसे नजरअंदाज कर दिया जाए।

टाटा संस ऐसा रुख नहीं अपना सकती, क्योंकि वह पहले ही इसके उलट रुख अपना चुकी है और सुप्रीम कोर्ट में जीत भी चुकी है। साइरस मिस्त्री को हटाए जाने से जुड़ी कार्यवाही में, आर्टिकल 104बी और 121 के तहत ट्रस्ट के नॉमिनी डायरेक्टरों के 'अफर्मेटिव वोटिंग राइट्स' (सहमति वाले वोटिंग अधिकार) मुख्य मुद्दा थे। नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल ने इन्हें दमनकारी माना और शिकायत करने वालों ने मांग की कि इन्हें हटा दिया जाए या सीमित कर दिया जाए।


# कुशीनगर एक्सप्रेस के इंजन से उठा धुआं, एक घंटे देरी से हुई रवाना

## कई ट्रेनों का परिचालन प्रभावित



**इटारसी, देशबन्धु।** गोरखपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस जा रही कुशीनगर एक्सप्रेस के इंजन में रविवार दोपहर तकनीकी खराबी आने से हड़कंप मच गया। इंजन से अचानक धुआं उठते देख लोको पायलट ने सतर्कता बरतते हुए ट्रेन को इटारसी के नाला मोहल्ला आउटर पर रोक दिया। इस घटना के कारण ट्रेन को नया इंजन लगाकर 1 घंटे 9 मिनट की देरी से रवाना किया, जिससे स्टेशन के आसपास का रेल यातायात भी प्रभावित रहा। घटना रविवार दोपहर करीब 12:17 बजे की है। आउटर पर ट्रेन रुकने की सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी और तकनीकी टीम तुरंत मौके पर पहुंचे। प्राथमिक जांच के बाद ट्रेन को वापस इटारसी रेलवे स्टेशन लाया गया। यहां खराब इंजन को हटाकर दूसरा इंजन लगाया गया, जिसके बाद दोपहर 1:44 बजे ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया जा सका। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान यात्रियों को स्टेशन पर लंबा इंतजार करना पड़ा। कुशीनगर एक्सप्रेस के आउटर पर खड़े होने के कारण पीछे से आ रही और आसपास से गुजरने वाली कई ट्रेनों को विभिन्न सिग्नलों पर रोकना पड़ा। रेलवे ने वैकल्पिक व्यवस्था के जरिए यातायात सामान्य किया। श्रीगंगानगर-हुजूर साहिब नांदेड़ एक्सप्रेस सिग्नल नंबर 107 पर करीब 30 मिनट तक खड़ी रही। महानगरी एक्सप्रेस भुसावल से इटारसी आते समय सिग्नल नंबर 28 पर लगभग 10 मिनट रुकी रही। आमला-इटारसी मेमू सिग्नल नंबर 26 पर करीब 10 मिनट तक खड़ी रही। पवन एक्सप्रेसट्रेन के परिचालन को प्रभावित होने से बचाने के लिए इसे इटारसी की थर्ड लाइन से निकाला गया।

# हिल व्यू सिटी कॉलोनी में टूटी चारदीवारी से घुसे चोर, लाखों की चोरी




**इटारसी, देशबन्धु।** शहर के सनखेड़ा रोड स्थित हिल व्यू सिटी कॉलोनी में चोरों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। कॉलोनी की टूटी हुई बाउंड्री वॉल का फायदा उठाते हुए अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया और 10 लाख रुपये से अधिक कीमत की ज्वेलरी, नकदी और एक मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना ने कॉलोनी में सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है और कॉलोनाइजर की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है। हैरानी की बात यह है कि बेखौफ चोरों ने पिछली रात फिर से उसी घर में चोरी करने का प्रयास किया, जिससे कॉलोनी के रहवासियों में दहशत का माहौल है। पुलिस थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार, फरियादी कर्तव्य सरवरे पिता रेवाराम सरवरे, उम्र 28 वर्ष हिल व्यू सिटी कॉलोनी में धर्मेन्द्र चौहान के मकान में किराए से रहते हैं। फरियादी ने अपनी शिकायत में बताया कि वह अपने घर का सामान शिफ्ट कर रहे थे। 15 सितंबर की रात करीब 11:30 बजे वह परिवार सहित सो गए थे। जब 16 सितंबर की सुबह करीब 6 बजे उन्होंने जाकर देखा, तो मकान का ताला टूटा हुआ था। अज्ञात आरोपी घर के अंदर रखी अलमारी का लॉकर तोड़कर उसमें रखा सोने का मंगलसूत्र, सोने के कंगन (दो जोड़), सोने की गुरिया, सोने की अंगूठी (दो), सोने की बाली, सोने के दो लटकन, सोने के झुमके (एक जोड़), चांदी की पायल (पांच जोड़) के साथ-साथ 12,000 रुपये नकद चुरा ले गए। इसके अलावा चोर फरियादी की हीरो होंडा ड्रीम युगा मोटरसाइकिल एमपी 05 एमपी 0681 भी चोरी कर ले गए।

**कॉलोनाइजर की लापरवाही से हुई घटना** :रहवासियों का आरोप है कि कॉलोनी की बाउंड्री वॉल लंबे समय से टूटी हुई है, जिसके कारण असामाजिक तत्वों और चोरों को आसानी से कॉलोनी में प्रवेश मिल जाता है। कॉलोनाइजर द्वारा सुरक्षा और मेंटेनेंस को लेकर बरती जा रही इस घोर लापरवाही का खामियाजा अब निवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

### लगातार दूसरी रात भी बोला धावा

: चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि जिस घर में उन्होंने लाखों की चोरी की, कल रात उन्होंने फिर से उसी घर को निशाना बनाने का प्रयास किया। गनीमत रही कि इस बार वे सफल नहीं हो पाए, लेकिन इस दुस्साहस ने पुलिस गश्त और कॉलोनी की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इटारसी पुलिस ने फरियादी कर्तव्य सरवरे की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और चोरों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

# सार्थक रघुवंशी का नेशनल बैडमिंटन के लिए चयन



**इटारसी, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के सागर में आयोजित अंडर-14 राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में इटारसी के होनहार खिलाड़ी सार्थक रघुवंशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय (नेशनल) स्तर की बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह पक्की कर ली है। सार्थक, इटारसी निवासी शैलेंद्र रघुवंशी के सुपुत्र हैं। सागर में खेली गई इस राज्य स्तरीय स्पर्धा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभावान खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगियों के बीच हुए कड़े मुकाबलों में सार्थक ने अपने शानदार खेल कौशल, फुर्ती और सटीक शॉट्स के दम पर बेहतरीन प्रदर्शन किया और नेशनल टूर्नामेंट का टिकट हासिल किया। सार्थक के नेशनल स्तर पर चयन होने से उनके परिवार, खेल प्रशिक्षकों और इटारसी के खेल प्रेमियों में हर्ष की लहर है। स्थानीय नागरिकों और खेल संघ से जुड़े पदाधिकारियों ने सार्थक रघुवंशी को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# जय स्तंभ चौक पर 23 को होगा स्वच्छता सर्वोपरि नुक्कड़ नाटक

**इटारसी, देशबन्धु।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली के तत्वावधान में 23 सितंबर शाम 5 बजे शहर के जय स्तंभ चौक पर स्वच्छता सर्वोपरि नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है। कर्मवीर जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति, नर्मदापुरम द्वारा आयोजित कार्यक्रम की थीम 'विरासत भी, विकास भी - स्वच्छता की नई कहानी' रखी गई है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। इस नाट्य प्रस्तुति का मुख्य उद्देश्य कला व संगीत के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता, सार्वजनिक स्थलों के रखरखाव और सही कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना है। नाटक के जरिए यह संदेश दिया जाएगा कि स्वच्छ शहर की कल्पना तब तक अधूरी है, जब तक आम नागरिक अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाते। आयोजक संस्था ने इटारसी के सभी नागरिकों से बुधवार शाम 5 बजे जय स्तंभ चौक पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# शतरंज टूर्नामेंट में बच्चों से लेकर आईएएस अफसरों तक ने बिछाई शह-मात की बिसात



**इटारसी, देशबन्धु।** धोखेड़ा स्थित एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ओपेन रेटेड रैपिड शतरंज टूर्नामेंट का शुभारंभ नर्मदापुरम कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने किया। टूर्नामेंट में चंडीगढ़ के इंटरनेशनल चेस मास्टर हिमल गुसेन सहित देश के 20 राज्यों से आए लगभग 250 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता में 5-6 साल के बच्चों से लेकर 80-90 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक एक साथ बोर्ड पर दिमागी कसरत करते नजर आए। खंडवा कलेक्टर ऋषभ गुप्ता और हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने भी बतौर प्रतिभागी शामिल होकर अपनी रणनीतिक चालें चलीं। 9 राउंड की इस प्रतियोगिता के मुकाबलों का वैश्विक स्तर पर ऑनलाइन लाइव स्ट्रीम किया जा रहा है। पहले दिन 5 राउंड के मुकाबले हुए। शेष 4 राउंड का मुकाबला आज रविवार को होगा,

# साहू लॉ चेंबर्स में देखा राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का प्रसारण



**इटारसी, देशबन्धु।** इंदौर में आयोजित नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम का इटारसी स्थित साहू लॉ चेंबर्स में सीधा प्रसारण देखा गया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट रमेश कुमार साहू एवं प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजकुमार केलू उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी द्वारा छात्रों और युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर किए संवाद को ध्यानपूर्वक सुना। प्रसारण के उपरांत साहू लॉ चेंबर्स में मौजूद छात्रों तथा उनके परिजनों ने युवा कल्याण, शिक्षा और छात्र हितों से जुड़ी समस्याओं पर अपने विचार साझा किए और विस्तृत चर्चा की।

# जनता स्कूल परिसर में पौधरोपण, नपाध्यक्ष और नागरिकों ने लिया पौधों के संरक्षण का संकल्प

**इटारसी, देशबन्धु।** पर्यावरण संरक्षण और शहर को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से नगर के वार्ड 21 स्थित जनता स्कूल परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे और वार्ड पार्षद कन्हैयालाल मिहानी ने अपने हाथों से पौधे रोपकर उपस्थित लोगों को हरियाली और स्वच्छ पर्यावरण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान केवल पौधे लगाने तक ही सीमित नहीं रहा गया, बल्कि उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने इन पौधों के बड़े होने तक उनकी उचित देखभाल और पूर्ण संरक्षण करने का दृढ़ संकल्प भी लिया। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ता तापमान और जलवायु परिवर्तन हमारे लिए चेतावनी है, ऐसे में पौधरोपण ही भविष्य को सुरक्षित रखने का एकमात्र उपाय है। इस कार्य में वार्ड के गणमान्य नागरिकों और समाजसेवियों ने बढ़-



चढ़कर हिस्सा लिया। पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता रघुवंश पांडे, समाजसेवी संजय मिहानी, एल्डरमैन आशीष मालवी, राजू मालवीय, जैकी मिहानी, राजेंद्र नारायण दीवान, कन्हैयालाल तोमर, सुनील चौहान, दिनेश मसब और काजू मालवीय के अलावा वार्ड के रहवासियों ने भी बड़ी संख्या में अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाया।

# इंद्रपुरा में पुश्तैनी मकान विवाद में मारपीट

**इटारसी, देशबन्धु।** पुरानी इटारसी के वार्ड 6 इंद्रपुरा में पुश्तैनी मकान को लेकर विवाद हुआ। फरियादी कविता बाई 41 वर्ष की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी संजय क्षात्रे और कांति बाई के खिलाफ हाथ-मुक्के से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है। दूसरे पक्ष की कांति बाई 42 वर्ष की शिकायत पर भी पुलिस ने क्रॉस एफआईआर दर्ज की है। मकान निर्माण की बात को लेकर आरोपी मोहन लाल, कविता और सुनीता बाई ने फरियादी के साथ गाली-गलौज की और ईंट से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। दुकानदार से मारपीट - आरएमएस गेट के बाजू में दुकान के सामने बैंक कॉलोनी निवासी मनीष पटेल 48 वर्ष के साथ मारपीट की घटना हुई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मालवीयगंज निवासी आरोपी शैलेन्द्र चौरे उर्फ शेखर के खिलाफ गाली-गलौज, थप्पड़ से मारपीट और धमकी देने का मामला दर्ज किया है।

नाबालिग से मारपीट -माता मंदिर अस्पताल के सामने 16 वर्षीय किशोर भावेश मनवानी के साथ मारपीट की गई। महर्षि नगर निवासी फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शिवम गौर के खिलाफ गाली-गलौज, थप्पड़ व मुक्के से मारपीट कर जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज किया है।

# पुरानी रंजिश में हथौड़ी से हमला

**इटारसी, देशबन्धु।** पुरानी इटारसी के पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति पर हथौड़ी से हमला किया गया। शिवाजी नगर निवासी राजकुमार रजक 50 वर्ष की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी आर्यन मालवीय और सौरभ मालवीय के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया है।

लोहे की रॉड से हमला - मेन रोड पर शकील के घर के सामने एक व्यक्ति पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला किया गया। नाला मोहल्ला निवासी पूरन मेशकर 52 वर्ष की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी सोनू बकोरिया और दुर्गा बकोरिया के खिलाफ मारपीट व धमकी का अपराध दर्ज किया है।

# एमजीएम कॉलेज में विकसित भारत 2047 का संकल्प, प्रतियोगिताओं में निखरी प्रतिभा

**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इटारसी में सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत मेरे सपनों का भारत विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आधुनिक तकनीक, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और स्वच्छ पर्यावरण के माध्यम से वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने विद्यार्थियों से समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, भाजपा जिला महामंत्री मुकेश चंद्र मैना एवं प्राचार्य डॉ. राकेश ने भी सुशासन,



प्राचीन समृद्ध भारत और 2047 के विजन पर विचार रखे। भाषण प्रतियोगिता में रिचा यादव ने प्रथम, आकर्षक राणा ने द्वितीय तथा चेतन चौरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संजय चौरे और दुर्गा चौरे को सांत्वना पुरस्कार मिला। चित्रकला प्रतियोगिता में अभिषेक सोनी ने प्रथम, अनिकेत आशावरी ने द्वितीय तथा आकर्षण राणा ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में राहुल प्रधान और गोकुल पटेल विशिष्ट अतिथि रहे। संचालन डॉ. मनीष चौरे ने किया।

# विशेष सफाई अभियान चलाया

**हरदा, देशबन्धु।** आगामी त्यौहारों को देखते हुए नागरिकों और व्यापारियों की सुविधा के लिए रविवार को नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र में एक वृहद विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य त्योहारों के दौरान बाजार में आने वाले खरीदारों को स्वच्छ, सुंदर और हाइजीनिक वातावरण उपलब्ध कराना है।सफाई अभियान के दौरान मुख्य मार्गों, गलियों और व्यावसायिक परिसरों के आसपास विशेष रूप से साफ-सफाई की गई तथा कचरे का त्वरित निपटान किया गया।इस विशेष अभियान में जनप्रतिनिधियों और नगर पालिका अमले ने मुस्तैदी से अपनी भागीदारी निभाई। अभियान के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, स्थानीय पार्षद रामेश्वर सारन, मनोज महलवार एवं पार्षद प्रतिनिधि राहुल अग्रवाल सहित नगर पालिका का समस्त सफाई एवं प्रशासनिक स्टाफ मुख्य रूप से उपस्थित रहा। सभी ने मिलकर मौके पर मौजूद रहकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।नगर पालिका प्रशासन ने स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे दुकान और घरों का कचरा डस्टबिन में ही डालें और नगर को स्वच्छ व पॉलिथीन मुक्त बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# सट्टा लिखते एक आरोपी गिरफ्तार

**इटारसी, देशबन्धु।** रामपुर गुर्रा पुलिस ने कांदई रोड पर दबिश देकर तवानगर निवासी ओमप्रकाश सातनकर 45 वर्ष को सट्टा लिखते पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के पास से एक सट्टा पर्ची, पेन और नकद जब्त कर सट्टा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।


# अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**इटारसी, देशबन्धु।** रामपुर गुर्रा पुलिस ने बिछुआ चौराहा के पास मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब परिवहन करते अमित बारवे 26 वर्ष, निवासी ग्राम कोठा को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 1200 रुपये कीमत की 10 लीटर अवैध कच्ची शराब जब्त की गई है। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### सिंधी समाज के घरों में सजे भव्य तीर्थ

# गजानन के साथ हो रहे जगन्नाथ पुरी और कैलाश मानसरोवर के दर्शन





**इटारसी, देशबन्धु।** गणेश उत्सव के अवसर पर इटारसी के सिंधी समाज ने घरों में भगवान गजानन की स्थापना के साथ भव्य और सजीव झांकियां सजाई हैं। शहर में सेतपलानी और शिवनानी परिवार द्वारा तैयार की गई आध्यात्मिक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं, जहां श्रद्धालु बिना शहर से बाहर जाए देश के प्रमुख तीर्थों का पुण्य लाभ ले रहे हैं।

गांधी नगर स्थित सेतपलानी परिवार ने 'श्री जगन्नाथ पुरी तीर्थ धाम' की विस्तृत झांकी तैयार की है। इसमें मुख्य जगन्नाथ मंदिर, भव्य रथ यात्रा, भक्त सालबेग की मजार, गुंडिचा मंदिर, कोणार्क सूर्य मंदिर के साथ-साथ सिंधी समाज की व्यापारिक संस्कृति की सजीव झलक पेश की गई है। वहीं, शक्ति नगर (फेस-2) में सौरभ-अमित शिवनानी परिवार ने अपनी झांकी में संपूर्ण भारत के तीर्थों को समेटा है। इसमें भगवान श्री गणेश के झूलेलाल अवतार के दुर्लभ दर्शन के साथ ही श्री तिरुपति बालाजी, धनुषकोटी, कैलाश मानसरोवर, लेह-लद्दाख का टूरटूक वाटरफॉल और पाताल भुवनेश्वर गुफा को मनमोहक ढंग से दर्शाया गया है। दोनों परिवारों ने शहर के सभी धर्मप्रेमियों को दर्शनों के लिए सादर आमंत्रित किया है।

# पंचवटी सुंदरकांड महिला मंडल ने मनाया राधा अष्टमी उत्सव

### मंदिर को समर्पित की अलमारी



**इटारसी, देशबन्धु।** चामुंडा चौराहा स्थित पंचवटी हनुमान मंदिर में पंचवटी सुंदरकांड महिला मंडल द्वारा राधा अष्टमी के अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान महिला श्रद्धालुओं ने ढोलक-मंजीरों की थाप पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में श्रीराम, हनुमान जी और राधा रानी के मधुर भजनों की संगीतमय प्रस्तुतियां भी दी गईं। पाठ के समापन पर भगवान हनुमान एवं राधा रानी की महाआरती कर उपस्थित भक्तों में प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर महिला मंडल ने धार्मिक एवं सामाजिक सहयोग की मिसाल पेश करते हुए मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 60,000 की लागत से बनी लोहे की नई अलमारी समर्पित की। मंडल के इस सराहनीय कार्य की उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### उत्तम सत्य धर्म की आराधना से गूंजा जिनालय



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष संतोष जैन ने बताया कि समाज द्वारा आयोजित दशलक्षण पर्युषण महापर्व के पंचम दिवस उत्तम सत्य धर्म की आराधना श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ की गई। सुबह से ही जिनालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। भगवान जिनेंद्र देव के अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं दशलक्षण महामंडल विधान के दौरान जिनालय भक्तिमय वातावरण से गूंज उठे। धर्मसभा में इंदौर से पधारी विदुषी सुमन दीदी ने उत्तम सत्य धर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि सत्य केवल बोलने का विषय नहीं है, बल्कि उसे हमारे विचार, वाणी और व्यवहार में भी दिखाई देना चाहिए। अध्यक्ष संतोष जैन ने बताया कि पर्युषण महापर्व के दौरान मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों के साथ स्वाध्याय, प्रवचन एवं भक्ति कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता से महापर्व का वातावरण और अधिक जीवंत हो रहा है।

### शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कौशल श्री विकास समिति द्वारा स्थानीय साई कृष्णा रिजॉर्ट में गुरु गौरव एवं वनमाली शिक्षक सम्मान-2026 समारोह संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. सीताशरण शर्मा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक, श्रीमती माया नारोलिया राज्यसभा सांसद, ठाकुर विजयपाल सिंह विधायक, सोहागपुर, डॉ. अतुल सेठा वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी, डॉ. संगीता जौहरी कुलसचिव, रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल,तथा सत्यम अग्रवाल अध्यक्ष, जिला फुटबॉल एसोसिएशन उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। शिक्षा के साथ-साथ खेल, एनसीसी, स्काउट-गाइड, सांस्कृतिक, साहित्यिक, विज्ञान, नवाचार एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे शिक्षकों का सम्मान समाज में शिक्षा के प्रति विश्वास और नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का कार्य करता है।

### महुआ लाहन और कच्ची शराब पकड़ाई



**पिपरिया, , देशबन्धु।** अम्बेडकर वार्ड के कुचबंदिया मोहल्ला एवं राईखेड़ी रोड क्षेत्र में पुलिस ने महुआ लाहन और कच्ची अवैध शराब पकड़ी है। जिसकी बाजार कीमत साढ़े 46 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने 3 लोगों पर अपराध दर्ज किया है। थाना स्टेशन रोड पिपरिया द्वारा बीते दिवस राईखेड़ी रोड पुल के पास एवं कुचबंदिया मोहल्ला अम्बेडकर वार्ड, इतवारा बाजार में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत अवैध शराब विक्रय करने वाले, अवैध शराब बनाने वाले एवं परिवहन करने वालों पर रोक लगाने हेतु विशेष कार्यवाही की गई। जिसमें भारी मात्रा में महुआ लाहन करीबन 1160 किलोग्राम जिसकी कीमत लगभग 43,000 हजार रूपये को मौक़े पर नष्ट किया गया। तीन लोगों से अलग-अलग 35 लीटर कच्ची शराब कीमती लगभग 3500 रुपए भी जब्त की गई है। 3 आरोपीगण के विरुद्ध आबकारी एक्ट के अंतर्गत 3 प्रकरण दर्ज किये गए।

### मालाखेड़ी में 33/11 केवीए उपकेंद्र का लोकार्पण

# प्रदेश में तेजी से हो रहा अधोसंरचना विकास : प्रभारी मंत्री





**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने रविवार को मालाखेड़ी में विद्युत विभाग के नवीन 33/11 केवीए उपकेंद्र का लोकार्पण किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर अपनी विशेष पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में केंद्र सरकार केवल 5 वर्षों की नहीं अपितु 25 वर्षों के विकसित भारत का रोड मैप लेकर सरकार काम कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी विकसित भारत ञ्च2047 की संकल्पना को साकार करने के लिए निरंतर देश सेवा के कार्यों में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प में योगदान देने वाले राज्यों में मध्यप्रदेश भी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में अग्रणी राज्य के रूप में निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश में आईटी, निवेश, कृषि, उद्योग सहित विभिन्न क्षेत्रों में विकास की गति तेज हुई है।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कभी कृषि प्रधान जिले के रूप में पहचान रखने वाला नर्मदापुरम आज औद्योगिक क्षेत्र के रूप में भी अपनी पहचान प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश में बना रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार विद्युत व्यवस्था, परिवहन सहित सभी क्षेत्रों में समान रूप से ध्यान देते हुए नागरिकों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि 36 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित यह विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

श्री सिंह ने कहा कि आगामी समय में मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश में लगभग 2 लाख करोड़ रुपये की लागत से सड़कों के निर्माण की दिशा में कार्य करने जा रही है। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क एवं विद्युत अधोसंरचना प्रदेश के विकास को नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने संबोधित कर नवीन विद्युत उपकेंद्र से होने वाली सुविधाओं तथा शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यों के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, श्रीमती प्रीति पवन शुक्ला, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि इस नवीन उपकेन्द्र में 5.00 एम.व्ही.ए. क्षमता का एक पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। उक्त उपकेन्द्र को ऊर्जीकृत करने हेतु 33 केव्ही की 6.5 किमी लाइन, 11 केव्ही की 2.8 किमी लाइन का निर्माण कर 3 नंबर 11 केव्ही फीडर निर्मित किये गये है। इस उपकेन्द्र की स्थापना की कुल लागत 368 लाख रूपये है। इस उपकेन्द्र मालाखेड़ी को गुणवत्ता पूर्ण निर्माण हेतु आई.एस.ओ. 9001 : 2015 प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। 33/11 केव्ही मालाखेड़ी उपकेन्द्र से गोदावरी विहार, रेशम केन्द्र एवं राधाकृष्ण 3 नवीन 11 केव्ही लाइन के फीडर निगर्मित किये गये है।

उपरोक्त फीडरों से मालाखेडी, बाबई रोड, चक्कर रोड, गोदावरी विहार, रेशम केन्द्र राधाकृष्ण गार्डन क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं को उचित गुणवत्ता की विद्युत प्रदाय सुनिश्चित होगी। नवीन उपकेन्द्र प्रारंभ होने के बाद मिल्क डेयरी उपकेन्द्र से निर्गत फीडरों पर भी भार एवं फीडर की लंबाई इसी अनुपात में कम होगी। इस उपकेन्द्र के निर्माण से क्षेत्र के लगभग 8500 घरेलू एवं गैर घरेलू उपभोक्ताओ को सीधे तौर पर लाभ प्राप्त होगा।

### सेवा संकल्प अभियान का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें:सिंह



***नर्मदापुरम, देशबन्धु।*** *नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह रविवार को जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस में अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में आयोजित की जा रही एवं आगामी गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने अभियान के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।*

*प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने कहा कि सांसदों ,सभी विधायकों और स्थानीय जनप्रतिनिधि को सभी कार्यक्रम में सहभागिता के लिए सूचना समय से दी जाए। श्री सिंह ने अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की विभागवार जानकारी संबंधित नोडल अधिकारियों से ली। अधिकारियों ने बताया कि 21 सितंबर को विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता में प्राप्त चित्रों की प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात 22 सितंबर को संकुल स्तर पर विद्यालयों से प्राप्त चित्रों का प्रदर्शन एवं प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। 24 सितंबर को विकासखंड स्तर पर चयनित चित्रों का प्रदर्शन एवं चयन होगा, जबकि 26 सितंबर को जिला स्तर पर चयनित श्रेष्ठ चित्रों का प्रदर्शन एवं चयन किया जाएगा। जिला स्तर पर चयनित श्रेष्ठ चित्रों को राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के लिए भेजा जाएगा।*

*बैठक में बताया गया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा स्मरण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, जो 5 अक्टूबर तक संचालित होंगे। इन कार्यक्रमों के तहत जिले के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता एवं सेवा भावना से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार 25 सितंबर से 7 अक्टूबर तक आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 25 सितंबर को वडनगर से वाराणसी सेवा यात्रा का नर्मदापुरम जिले में आगमन होगा। अभियान के अंतर्गत 17 अक्टूबर तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।*

*प्रभारी मंत्री निर्देश दिए कि अभियान की गतिविधियों के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारी विकासखंड स्तर पर कार्यरत यूनिट नोडल अधिकारियों तक आवश्यक जानकारी एवं सूचनाओं का समय पर संप्रेषण सुनिश्चित करें। बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, सिवनी मालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव, श्रीमती प्रीति पवन शुक्ला, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा, जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।*

## बच्चों ने उकेरे 'मेरे सपनों का भारत' के रंग



**बनखेड़ी, , देशबन्धु।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय बनखेड़ी में 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर अपने विचारों और कल्पनाओं को चित्रों व भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया। कक्षा 6वीं से 8वीं तक के करीब 80 तथा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 120 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत चित्रों एवं भाषणों में विकसित और बेहतर भारत की कल्पना को रचनात्मक अंदाज में सामने रखा गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

### छात्राओं ने सजाई रंगोली, साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद एवं महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, सतना के संयुक्त तत्वावधान में संचालित बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू कक्षाओं में सेवा संकल्प अभियान की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मां नर्मदा ग्राम विकास समिति बनखेड़ी के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी प्रसाद मेहर ने की, जबकि तुलसी सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान समिति के अध्यक्ष तुलसीराम कहार विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक नरेंद्र देशमुख ने विद्यार्थियों को सेवा संकल्प अभियान की रूपरेखा और उद्देश्यों की जानकारी दी। वहीं पुलिस थाने से पहुंचे अभिषेक सोनी ने साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने विद्यार्थियों को वाट्सऐप पर आने वाली संदिग्ध क्क्ष फाइल डाउनलोड नहीं करने तथा मोबाइल की सुरक्षा सेटिंग्स को सक्रिय रखने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

## स्वच्छता दिवस पर चित्रगुप्त घाट पर कायस्थ समाज ने चलाया अभियान



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** स्वच्छता दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति एवं पुरुष सदस्यों द्वारा रविवार को स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। समाजजनों ने घाट परिसर एवं नर्मदा तट के आसपास सफाई करते हुए जमा कूड़ा-कचरा और गंदगी को एकत्र कर डस्टबिन में डाला। इस दौरान स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया।

स्वच्छता अभियान के बाद मातृशक्ति एवं पुरुष सदस्यों को मां नर्मदा और शहर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। समाजजनों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं स्वच्छता का ध्यान रखेंगे तथा अपने आसपास के लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही नर्मदा तट पर कचरा नहीं फेंकने और घाट की स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज के अध्यक्ष राजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली जिम्मेदारी है।

सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों को स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। समाज द्वारा इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रखे जाएंगे। समाजसेवी सुमन वर्मा ने कहा कि मां नर्मदा को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। यदि हम अपने आसपास स्वच्छता रखेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे, तो शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाने का संकल्प निश्चित रूप से पूरा होगा। स्वच्छता अभियान एवं शपथ कार्यक्रम में मंजुला श्रीवास्तव, सुनील राय, सी.बी. खरे, लालता प्रसाद, राजेंद्र श्रीवास्तव, विजय वर्मा, मनोज वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, मातृशक्ति अध्यक्ष ज्योति वर्मा, आदित्य, गुनगुन सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### मां नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान का 316वां सप्ताह संपन्न



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जय हो सामाजिक कल्याण समिति द्वारा मां नर्मदा के घाटों की स्वच्छता, संरक्षण एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से चलाए जा रहे साप्ताहिक मां नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान का 316वां सप्ताह रविवार को उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। अभियान के दौरान समिति के सदस्यों ने विवेकानंद घाट परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर कचरा एकत्रित किया तथा श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को मां नर्मदा के घाटों को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया। इस सप्ताह के अभियान में इटारसी से संगठन की शक्ति समिति के सदस्यों ने विशेष रूप से सहभागिता की। समिति के सदस्यों ने श्रमदान करते हुए मां नर्मदा के प्रति अपनी आस्था एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की। जय हो सामाजिक कल्याण समिति के अध्यक्ष अर्पित मालवीय ने कहा कि मां नर्मदा केवल हमारी आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि हमारी जीवनदायिनी धरोहर हैं। उनके घाटों को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। निरंतर 316 सप्ताह से चल रहा यह अभियान जनभागीदारी और सामाजिक संकल्प का उदाहरण है। मां नर्मदा की स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी के संकल्प के साथ अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर जय हो समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीय, संगठन की शक्ति समिति अध्यक्ष हेमंत केवट, वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश श्रीवास्तव सहित सदस्यगण सागर पटेल, विवेक वर्मा, रमेश उपरारिया, मदन वर्मा, अनामिका वर्मा, सुजीत केथवास, कपिल तोमर, अंकित सागर, गणेश यादव, निलेश वर्मा, रोहित मालवीय, विशाल बावरिया, अनुराग वर्मा, सूरज वर्मा, संजू प्रजापति, जतिन यादव, पंकज मेहरा, प्रियांशु यादव, मनीष राठौर, अमन केवट, पीयूष राठौर, अरुण केवट, अभय केवट, प्रदीप चौर, सूरज केवट, आशीष चौरे, हरिकिशन चौरे, रजत चौरे, रूपेश मेहरा उपस्थित रहे।

## जिलास्तरीय खो-खो में आधा जिला मैदान से बाहर, मेजबान बनखेड़ी ने बालिका वर्ग में जीता खिताब



**बनखेड़ी, देशबन्धु।** खेलों को बढ़ावा देने के दावे और जमीनी हकीकत के बीच शनिवार को अंतर साफ नजर आया। पीएमश्री कन्या शाला परिसर में आयोजित 19 वर्षीय जिलास्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में जिले के छह विकासखंडों में से सभी की टीमें मैदान तक नहीं पहुंच सकीं। बालक वर्ग में केवल पिपरिया और सिवनीमालवा की टीमों ने हिस्सा लिया, जबकि बालिका वर्ग में चार विकासखंडों की टीमें ही मैदान में उतरीं। खास बात यह रही कि मेजबान बनखेड़ी में आयोजित प्रतियोगिता के बालक वर्ग में बनखेड़ी की टीम ही शामिल नहीं हुई।

प्रतियोगिता में बालिका वर्ग का खिताब बनखेड़ी ने अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में बनखेड़ी की खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए नर्मदापुरम को 19-1 से करारी शिकस्त दी। वहीं बालक वर्ग में सिवनीमालवा ने पिपरिया को 9-1 से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी कलीराम अहिरवार के अनुसार बालिका वर्ग में बनखेड़ी, सिवनीमालवा, पिपरिया और नर्मदापुरम की टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग में पिपरिया और सिवनीमालवा के बीच ही मुकाबला हुआ।

जिले में छह विकासखंड होने के बावजूद जिलास्तरीय प्रतियोगिता में टीमों की सीमित भागीदारी ने खेल गतिविधियों की तैयारियों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बालिका वर्ग में सोहागपुर और माखन नगर की टीमें नहीं पहुंचीं। वहीं बालक वर्ग में पिपरिया और सिवनीमालवा के अलावा किसी अन्य विकासखंड की टीम नहीं थी।

जिला खेल अधिकारी वंदन रघुवंशी ने बताया कि संबंधित विकासखंडों में टीम नहीं बनने के कारण खिलाड़ी शामिल नहीं हो सके होंगे। उन्होंने कहा कि विकासखंड स्तर पर खिलाड़ी अलग-अलग खेलों में भी भाग लेते हैं, जिसके कारण सभी खेलों में टीम तैयार होना संभव नहीं हो पाता। प्रतियोगिता में सेवानिवृत्त शिक्षक महेश बसेड़िया, अरविंद शर्मा, कोच मैनेजर दीक्षा यादव, प्राचार्य पीडी शर्मा, खेल शिक्षक सचिन बाथरे, सुमित पठारिया, प्रभात पटेल, रामरतन पटेल, अंकिता मंडलोई सहित खेल शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। विजेता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया। अब संभागीय खो-खो प्रतियोगिता 4-5 नवंबर को आयोजित होगी।

### तीन जिले के 178 छात्र- छात्राओं ने प्रतियोगिता में की सहभागिता

# विभाग स्तरीय विज्ञान एवं वैदिक गणित मेले का हुआ आयोजन



***सोहागपुर, देशबन्धु।*** *विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित विज्ञान एवं वैदिक गणित मेले का विभाग स्तरीय आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर में 19 और 20 सितंबर को किया गया । इस बैदिक गणित एवं विज्ञान मेले में विभाग के तीन जिलों से 178 भैया बहनों ने अपनी सहभागिता की। विज्ञान मेले में विज्ञान प्रश्न मंच, विज्ञान प्रदर्श, विज्ञान पत्र वाचन एवं वैदिक गणित मेले में वैदिक गणित प्रश्न मंच वैदिक गणित प्रदर्श एवं वैदिक गणित पत्र वाचन जैसे विषयों पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने में नगर के विभिन्न शासकीय अशासकीय विद्यालयों से गणित एवं विज्ञान विषय के विशेषज्ञों ने अपनी निर्णायक के रूप में भूमिका निभाकर सहयोग प्रदान किया।*

*प्रतियोगिता का समापन रविवार को किया गया। समापन सत्र में अतिथि के रूप में भाऊ साहब भुस्कुटे न्यास गोविंद नगर के प्रबंधक धर्मेंद्र गुर्जर, सरस्वती शिशु मंदिर समिति के जिला सदस्य चंद्रशेखर गढ़वाल बीआरसी सोहागपुर राकेश रघुवंशी एवं सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर संचालन समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पालीवाल, व्यवस्थापक संजीव दुबे, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य सौरभ सोनी एवं विज्ञान मेले के संयोजक सरस्वती शिशु मंदिर बनखेड़ी के प्राचार्य साजेन्द द्विवेदी एवं वैदिक गणित मेले के संयोजक वैदिक गणित प्रांत प्रमुख जगदीश झड़ेकर उपस्थित रहे।*

*अतिथि उद्बोधन में धर्मेंद्र गुर्जर ने कहा कि विद्या भारती विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करती है। विद्यार्थी बौद्धिक रूप से मजबूत बनाने के लिए सांस्कृतिक महोत्सव के अंतर्गत बौद्धिक प्रतियोगिताओं करती है। जिसमें विज्ञान एवं वैदिक गणित मेला एवं शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के लिए एकल एवं दलीय खेलों का आयोजन करती है। जिससे विद्यार्थी शारीरिक रूप से मजबूत हो इसके अंतर्गत इसके अतिरिक्त कौशलात्मक विकास के रूप में रंगोली चित्रकला मूर्तिकला स्वरचित कविता गायन वादन सामान्य ज्ञान अंताक्षरी अभिनय आदि विषयों पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है । जिसका उद्देश्य की सरस्वती शिशु मंदिर का छात्र प्रतिभाशाली बने और वह अपना अपने परिवार का नगर और देश का नाम रोशन करें देश के विकास में अपना सहयोग प्रदान कर सके।*

*चंद्रशेखर गढ़वाल ने कहा ने कि हम जो उद्देश्य को लेकर भी कार्य करें वह परिणाम रूप में दिखाई दे उसका महत्व है। अगर हम कोई कार्य कर रहे हैं और वह अपने परिणाम तक नहीं पहुंचता है तो उसका कोई मूल्य नहीं होता है। इसलिए हम जो भी कार्य करें वह अपने निर्धारित परिणाम तक पहुंचे। बीआरसी राकेश रघुवंशी ने सभी विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान आने पर बधाई दी और उन्हें और अच्छी तैयारी कर आगे प्रतियोगिताओं में विजेता होने की शुभकामनाएं दी।*

*प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राओं को अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान की गई। विभाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आने वाले भैया बहन अब विद्या भारती द्वारा आयोजित प्रांत स्तरीय विज्ञान एवं वैदिक गणित मेले में सम्मिलित होंगे। मंच का संचालन कन्या भारती की बहन सनेहा धुर्वे के द्वारा संचालन किया गया। वहीं आभार प्रदर्शन विद्यालय के व्यवस्थापक संजीव दुबे द्वारा किया गया।*

नर्मदापुरम, सोमवार, 21 सितम्बर 2026
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# नए रंगों में छात्रों की गूंज

इंदौर में छात्रों की गूंज कार्यक्रम की जबरदस्त सफलता ने भाजपा के समूचे तंत्र को हिला कर रख दिया है। राहुल गांधी युवाओं को उम्मीद बंधाने वाले अपने इस कार्यक्रम में हर बार एक नया रंग जोड़ रहे हैं। इंदौर में राहुल गांधी ने दुख, करुणा, हास्य-व्यंग्य, क्रोध तमाम भावनाओं का समावेश अपने संबोधन में किया। कोटा में जब राहुल गांधी ने छात्रों की गूंज का पहला कार्यक्रम किया था तो राजनीति पर बात करने से इंकार कर दिया था। फिर देहरादून में उस वक्त यह कार्यक्रम हुआ, जब जंतर-मंतर पर भी आंदोलन चल रहा था। अपने मंच पर राहुल ने नीट पेपर लीक की शिकार छात्रा के पिता को बुलाया, उनका दुख साझा किया। प्रयागराज में राहुल गांधी ने देश की युवा शक्ति का जिक्र किया, और कहा कि अमेरिका, चीन और रूस कोई भी भारत के युवाओं की संभावना का मुकाबला नहीं कर सकता। पुणे में राहुल गांधी ने छात्रों की गूंज को पूरी तरह लड़कियों की आवाज उठाने का मंच बनाया। और अब इंदौर में राहुल गांधी ने छात्रों के भविष्य की बात करने के साथ उस व्यवस्था पर प्रहार किया, जो युवाओं की राह में रोड़ा बन चुकी है। पुणे में राहुल गांधी ने मनुस्मृति पर प्रहार किया था और उदाहरण दिए थे कि मोहन भागवत, नरेन्द्र मोदी समेत कई भाजपा नेताओं की सोच कितनी संकुचित है। वहीं इंदौर में राहुल गांधी ने भाजपा और संघ की बनाई व्यवस्था पर प्रहार करने के लिए नरेन्द्र मोदी, मोहन भागवत, अमित शाह, अजित डोभाल, मुकेश अंबानी, गौतम अडानी, जैसों का चेहरा पहली पंक्ति में लगाकर नीचे की पंक्ति में योगी आदित्यनाथ, मोहन यादव, ज्ञानेश कुमार, रामदेव, कंगना रानौत, पत्रकारों में अर्णव गोस्वामी, रजत शर्मा जैसे चेहरों को भी उजागर किया कि किस तरह इन तमाम लोगों ने मिलकर एक ऐसा सिस्टम तैयार किया है, जो छात्रों के खिलाफ है।

राहुल गांधी ने बता दिया कि छात्र यानी स्टूडेंट और अंधभक्तों के बीच का फर्क समझाया और बताया कि कैसे भाजपा का बनाया सिस्टम अंधभक्तों को बढ़ा रहा है। 2014 से ही देश देख रहा है कि नरेन्द्र मोदी को सत्ता पर बिठाने के लिए भाजपा और संघ को अंधभक्तों की जरूरत थी, ताकि जब संविधान को तार-तार करने के लिए न्यायपालिका, चुनाव आयोग, संसद समेत सारे मंचों का दुरुपयोग किया जाए तो कोई सवाल न करे। पिछले बारह सालों से यही देश में हो भी रहा है। मोदी ने सत्ता में आने से पहले हर साल दो करोड़ रोजगार का वादा किया था, मगर बेरोजगारी 45 सालों में सबसे उच्च स्तर पर जा पहुंची, तो अंधभक्तों ने सवाल नहीं किया। जिन छात्रों ने सवाल किया, उनके साथ भाजपा ने क्या किया, ये उमर खालिद जैसे उदाहरणों से समझा जा सकता है। मोदी ने सत्ता में आने के दो साल बाद ही नोटबंदी कर दी और नकदी रहित अर्थव्यवस्था के नाम पर यूपीआई को बढ़ावा दिया, अब अमेरिका के दबाव में यूपीआई पर भी शुल्क लगाने का फैसला लिया, जिसके बाद छोटे-बड़े सारे दुकानदार अब यूपीआई से भुगतान लेने से इंकार कर रहे हैं। अंधभक्त फिर भी सवाल नहीं करेंगे कि नोटबंदी से आखिर देश को क्या मिला। मोदी ने लोगों से कहा कि तेल का इस्तेमाल कम करो, लेकिन अपने जन्मदिन पर करोड़ों रुपयों का तेल दिए जलवाने में फुंकवा दिया, अंधभक्त फिर भी सवाल नहीं करेंगे कि मोदीजी आपकी कथनी और करनी में इतना अंतर क्यों है।

अपने मंच से राहुल गांधी ने शनिवार को यही सच पूरे देश को फिर से दिखाया। इसके साथ ही राहुल गांधी ने हाल ही में दिल्ली में सत्य निकेतन इलाके में बहुमंजिला इमारत के गिरने और उसमें निर्दोष छात्रों की मौत पर भी सरकार को घेरा। इस घटना के बाद छात्रों में भाजपा के लिए, पहले ही काफी नाराजगी है, क्योंकि उनके लिए छात्रावास की व्यवस्था नहीं है, इसलिए बच्चों को दड़बेनुमा कमरों में भारी किराए के साथ रहना पड़ता है। और बदले में जान जोखिम में डालनी पड़ती है। राहुल ने इस घटना में मृत एक युवा के परिजनों के साथ मंच पर उनका दुख साझा किया। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि उस समय वहां मौजूद कई युवाओं की आंखें नम हो गई थीं। ऐसी संवेदनशीलता ही नागरिकों के बीच एकता बनाए रखती है। संवेदनहीन राजनीति करने वाली भाजपा बार-बार इस एकता को कुचलना चाहती है। लेकिन राहुल गांधी उसकी इस कोशिश के सामने बड़ी चट्टान की तरह खड़े हुए हैं, यह भाजपा के लिए काफी तकलीफदेह है।

राहुल गांधी ने भाजपा की तकलीफ बढ़ाने वाला एक और काम इंदौर में किया। हास्य कलाकार पुलकित मणि राहुल गांधी के मंच पर आए और उन्होंने जबरन गले मिलने, हीही-खीखी करने, फ्रेंड्स कहने जैसे कुछ अभिनय किए, जिस पर अब भाजपा तिलमिलाई हुई है। उनके हास्य अभिनय में कहीं नरेन्द्र मोदी या उनकी स्वर्गीया मां का नाम नहीं लिया गया, मगर भाजपा के सारे मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री, भाजपा खेमे के पत्रकार और अब तक खुद को निष्पक्ष बताने वाले पत्रकार भी राहुल गांधी की नीयत और नैतिकता पर सवाल उठाने लगे। संभवत: हरिशंकर परसाई ने कहा था कि तानाशाह मसखरों से डरता है, क्योंकि वे उसकी भव्यता के गुब्बारे में सुई चुभो देते हैं। यही बात अब सच साबित होते दिखी। नेहरूजी से लेकर डा.मनमोहन सिंह तक तमाम प्रधानमंत्रियों को व्यंग्यकारों ने अपने निशाने पर लिया है। लेकिन इसमें व्यंग्यकारों या कलाकारों की देशभक्ति पर सवाल नहीं उठे, न इनसे देश की प्रतिष्ठा धूमिल हुई। अभिव्यक्ति की आजादी चयनित तरीके से नहीं दी जा सकती। मगर मोदी सरकार का सिस्टम सबको डरा-धमका कर रखना चाहता है।

मगर ये डर अब खत्म हो चुका है, ये इंदौर में नजर आया। राहुल के साथ मंच साझा करने वाले लोगों ने एक बार फिर बेझिझक, बेखौफ होकर बातें कीं। राहुल गांधी के समर्थक और प्रशंसक तो उनके इस अंदाज के मुरीद हैं ही कि वे कितनी सहजता से आम लोगों में घुल मिल जाते हैं। जबकि वे पांच बार से सांसद निर्वाचित हो रहे हैं, इस समय नेता प्रतिपक्ष हैं और उनके परिवार से तीन व्यक्ति देश के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। राहुल के विरोधी भी उनकी इस सहजता की काट नहीं ढूंढ पाते हैं, इसलिए उनकी छवि खराब करने की कोशिशें की जाती हैं। 2004 से जब से राहुल गांधी सक्रिय राजनीति में उतरे हैं, उन्हें शहजादा, वंशवाद का प्रतीक, पप्पू, पार्टटाइम राजनेता और न जाने कितने अपमानजनक शब्दों की चोट पहुंचाई गई। मगर अब जनता ही देख रही है कि राहुल गांधी का सच क्या है।

# राहुल मेहनत कर रहे हैं और कांग्रेसी उस पर पानी फेर रहे

कांग्रेसी चाहते हैं राहुल चक्रव्यूह तोड़ दें। राहुल तोड़ सकते हैं। मगर राहुल उसे तोड़कर बाहर निकलना भी चाहते हैं। कांग्रेसियों को इसमें ज्यादा दिलचस्पी नहीं है कि राहुल चक्रव्यूह तोड़कर बाहर आएं। उन्हें केवल राहुल से चक्रव्यूह तुड़वाना है। क्योंकि उनमें से न तो कोई तोड़ सकता है न तोड़ना चाहता है।

राहुल को आप चाहे जितना अव्यवहारिक या आदर्शवादी कहें मगर इतना वह जानते हैं कि आज के समय केवल चक्रव्यूह तोड़ना ही महत्वपूर्ण नहीं है। तोड़कर बाहर निकलना भी है। लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद राहुल ने यह बात कही थी। उन्होंने कहा था कि जो कौरवों ने अभिमन्यु के साथ किया था वही अब मोदी सरकार कर रही है। महाभारत में कौरव कामयाब हुए थे। अभिमन्यु को घेर कर मार लिया था। लेकिन अब अभिमन्यु मरेगा नहीं। चक्रव्यूह बेधेगा और बाहर भी आएगा।


राहुल ने यह बिल्कुल नया कान्सेप्ट दिया है। इससे पहले चक्रव्यूह बेधने की ही बात होती थी। मगर राहुल ने आज के समय के अनुसार उससे सुरक्षित बाहर निकलने की जो बात कही है वह एक आशावादी राजनीति का मैसेज है। और 12 साल से निराश एवं हताश जनता को इससे एक उम्मीद बंधती है। राहुल जनता में ही हौसला पैदा करके और खास तौर से छात्र एवं युवाओं को जगाकर ही इस चक्रव्यूह को तोड़ने और इससे बाहर निकलने की बात करते हैं।

राहुल के छात्रों के गूंज कार्यक्रम की अब चौतरफा चर्चा है। छात्रों से कोई पंगा नहीं ले सकता। इसलिए न चाहते हुए भी गोदी मीडिया को छात्रों की आवाज दिखाना पड़ रही है। गोदी मीडिया देख चुका है कि छात्रों की बात न सुनने का खामियाजा मोदी सरकार को किस तरह उठाना पड़ा है। उसके शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा। और प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह संसद के दोनों सदनों में से किसी एक में भी नहीं आ पाए।

लेकिन कांग्रेस के ही कुछ नेताओं की गलतियों के कारण कई बार बेवजह बाजी पलट जाती है। जिस दिन राहुल का अब तक का सबसे सफल गूंज कार्यक्रम इन्दौर में हो रहा था उसी दिन दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के चुनावों का नतीजा निकल रहा था।

दिल्ली में इस बार जो माहौल था भाजपा उससे बहुत डरी हुई थी। हर चीज उसके खिलाफ जा रही थी। और ऐसे में दिल्ली यूनिवर्सिटी के चुनाव से एक हफ्ते पहले सत्य निकेतन की बिल्डिंग गिर जाने जिसमें दिल्ली यूनिवर्सिटी के ही पढ़ने वाले कई छात्र दबकर मर जाने की घटना ने उसे पूरी तरह निराश कर दिया था।

लेकिन अगर बल्लेबाज ही हिट विकेट हो जाएं तो कितने ही निराश बालर और टीम हो जीत जाती है। दिल्ली का हर चुनाव पूरे देश को संदेश देता है। चाहे लोकसभा हो या दिल्ली विश्वविद्यालय का चुनाव। यहां केवल छात्र संघ का चुनाव ही नहीं दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ डूटा भी राजनीति की नब्ज बताता है। अभी छात्र संघ डूसू चुनाव के चार दिन पहले ही दिल्ली विश्वविद्यालय के सबसे प्रभावी शिक्षक नेता माने जाने वाले और तीन बार डूटा के अध्यक्ष रहने वाले आदित्य नारायण मिश्रा ने बड़ी तादाद में युनिवर्सिटी के शिक्षकों के साथ कांग्रेस मुख्यालय आकर कांग्रेस ज्वाइन की। इसका डूसू चुनाव पर स्वाभाविक असर पड़ना था।



शकील अख्तर

राहुल के छात्रों के गूंज कार्यक्रम की अब चौतरफा चर्चा है। छात्रों से कोई पंगा नहीं ले सकता। इसलिए न चाहते हुए भी गोदी मीडिया को छात्रों की आवाज दिखाना पड़ रही है। गोदी मीडिया देख चुका है कि छात्रों की बात न सुनने का खामियाजा मोदी सरकार को किस तरह उठाना पड़ा है। उसके शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा।

उससे पहले दिल्ली के जंतर मंतर पर ही छात्रों का बड़ा धरना और फिर संसद मार्च में लाठी, आंसू गैस, पैलेट गन चलने से पूरा माहौल भाजपा विरोधी बना हुआ था। छात्र राजनीति के लिए इससे अनुकूल माहौल कुछ नहीं हो सकता। मगर एक नेता द्वारा अपने बेटे को टिकट दिलाकर एनएसयूआई का पूरा पैनल लंगड़ा कर दिया गया। जिस उपाध्यक्ष सीट पर उस नेता के बेटे वीर चतरथ को लड़ाया वहां एनएसयूआई को नोटा से भी कम वोट मिले। इस पोस्ट पर नोटा को 4359 और एनएसयूआई को 4313 वोट मिले।

शर्मनाक! और यह नेता कौन है जिसने अपने बेटे को टिकट दिलाया? एक भारी अहंकारी वह व्यक्ति जिसे कांग्रेस के नए मुख्यालय इन्दिरा भवन का पूरा चार्ज दे रखा है। जहां वह किसी भी नेता, कांग्रेस के 24 अकबर रोड वाले मुख्यालय से गए किसी अधिकारी को घुसने से रोक सकता है। अपमान कर सकता है।

यह हमने लिखा नेता और अधिकारी के लिए। कार्यकर्ता और कर्मचारी की तो बात ही नहीं है। उन्होंने तो इन्दिरा भवन जाना ही छोड़ दिया। एनएसयूआई के नेता, सदस्य और दिल्ली यूनिवर्सिटी के दूसरे तमाम छात्र कांग्रेस के 24 अकबर रोड वाले मुख्यालय आते रहते हैं। पॉलिटिकल पार्टी का दफ्तर जैसा होना चाहिए खुला वह वैसा ही है। दिल्ली के छात्र क्या देश भर से लोग वहां आते हैं। बैठते हैं। कैंटिन में सही दाम में चाय पीते हैं। ऐसे ही सही कीमत में खाना खा लेते हैं। आगे बताते हैं यहां के उचित दाम आपको।

पहले जरा इन्दिरा भवन की बात। लेकिन उससे भी पहले पार्लियामेंट की नई बिल्डिंग की बात। पार्लियामेंट की नई बिल्डिंग के बनने के औचित्य पर हम शुरू से सवाल उठाते रहे हैं। उसकी कमियों पर बहुत लिखा। अखबार में भी और ट्वीटर पर भी। लेकिन अभी पिछले कुछ समय से हमने लिखना बंद कर दिया।

कांग्रेस के लोगों को मोदी की बनाई नई संसद की कमियां पढ़ने में बहुत मजा आता था। एक दिन एक बड़े नेता ने पूछा कि अब आप नई बिल्डिंग पर क्यों नहीं लिखते हैं? हमने कहा क्योंकि हमने उससे खराब स्थिति एक और नई बिल्डिंग की देख ली। उन्होंने कहा कौन सी? हमने कहा आप का नया मुख्यालय। इन्दिरा भवन। चुप हो गए। जैसे सत्ता पक्ष का भी कोई सांसद, या मंत्री भी नए संसद भवन की तारीफ नहीं कर सकता है। वैसे ही कांग्रेस का कोई नेता इन्दिरा भवन की व्यवस्थाओं का बचाव नहीं कर पाता है।

अब हमने ऊपर कैंटिन और रेट की बात कही थी वह बताते हैं। इन्दिरा भवन की कैंटिन के रेट इतने ऊंचे रखे हैं कि वहां काम करने वाले कर्मचारियों को भी चाय पीना हो तो बाहर जाना पड़ता है। यह बताने की तो शायद जरूरत नहीं है कि कार्यस्थलों पर कैंटिन इसलिए खोली जाती है और सब्सिडाइज रेट पर चाय खाना स्नेक्स रखे जाते हैं कि वर्कर को कहीं बाहर खाने चाय पीने नहीं जाना पड़े।

अब रेट देख लीजिए। चाय 25 रुपए की। जीएसटी मिलाकर 28 की पड़ती है। अब सोचिए एक कर्मचारी या कभी गलती से चला गया कोई कार्यकर्ता या छात्र कैसे पी सकता है। अब जरा तुलनात्मक रूप से और बता दें तो आपके और समझ में आ जाएगा। यही चाय कांग्रेस के 24 अकबर रोड मुख्यालय में 10 रुपए की मिलती है। और जिक्र संसद की नई बिल्डिंग का भी किया है तो वहां का भी बता दें वहां 5 रुपए की है।

बहुत सारे आइटम हैं। ज्यादा नहीं बता रहे। चाय के बाद खाना ही इम्पार्टेन्ट है तो 24 अकबर रोड में 45 रुपए में मिनी लंच और संसद में 50 रुपए में। यहां फाइव स्टार होटलों की तरह हाफ प्लेट या मिनी का काम ही नहीं। थाली है 200 रुपए की। और जीएसटी अलग। एक आइटम और बता दें। 24 अकबर रोड में सागर रत्ना का कैंटिन है जिसका डोसा दुनिया भर में मशहूर है। केवल 45 रुपए का। पार्लियामेंट में अशोका की कैंटिन है वहां 30रुपए का। और इन्दिरा भवन में पता नहीं किसे ठेका दे रखा है 170 प्लस जीएसटी।

और लास्ट बात यह और बता दें कि पत्रकार कैंटिन में नहीं जा सकता। अगर कोई गलती से ले गया तो वहां से उठाने के लिए उसका एडमिनिस्ट्रेटर आ जाता है। एडमिनिस्ट्रेटर मतलब वही जिसने अपने बेटे को लड़वा कर पूरे एनएसयूआई पैनल को हरवाया। राहुल के इन्दौर गूंज कार्यक्रम का मजा खराब किया। लब्बोलुवाब यह है कि राहुल अकेले पूरी लड़ाई लड़ रहे हैं। कांग्रेसी उनकी टांग खींचने में लगे हैं। ये कांग्रेसी वह हैं जो दलाली और चमचागिरी में सिद्धहस्त हैं। इन्हें सिर्फ अपने से अपने परिवार से अपने स्वार्थों से मतलब है। राहुल से और कांग्रेस से इन्हें सिर्फ फायदा उठाना है। अब राहुल इनसे कैसे मुक्त हो पाते हैं यह एक बड़ा सवाल है। क्योंकि यह लोग उनके पास कोई इन्फारमेशन ही नहीं पहुंचने देते। जिस इन्दिरा भवन के लिए कांग्रेस के लाखों कार्यकर्ताओं, सिम्पेथाइजरों ने जो भी जिससे बना सहयोग किया है वहां उनके साथ क्या होता है यह भी राहुल तक शायद ही पहुंच पाता हो।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# हर देश के लिए जरूरी है 'शांति मंत्रालय'

■ कुमार सिद्धार्थ

हर वर्ष 21 सितंबर को दुनिया 'अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस' मनाती है। 'संयुक्त राष्ट्र संघ' (यूएन) ने 1981 में इसकी शुरुआत इस उद्देश्य से की थी कि विश्व समुदाय युद्ध और हिंसा से ऊपर उठकर शांति, संवाद और सह-अस्तित्व की संस्कृति को मजबूत करे। वर्ष 2001 में 'यूएन' ने सर्वसम्मति से इस दिन को 'वैश्विक संघर्ष-विराम' और 'अहिंसा दिवस' के रूप में भी मान्यता दी, लेकिन दुर्भाग्य से जिस दुनिया में शांति के नाम पर एक दिन समर्पित है, उसी दुनिया में वर्ष के शेष दिनों में युद्धों की तैयारी अधिक व्यवस्थित ढंग से होती दिखती है।

बीसवीं सदी के दो विश्वयुद्धों और हिरोशिमा-नागासाकी की त्रासदी ने मानवता को विश्वास दिलाया था कि शायद अब 'युद्ध' इतिहास की बात बन जाएंगे, किंतु इक्कीसवीं सदी में ऐसा नहीं हुआ। रूस-यूक्रेन युद्ध तीसरे वर्ष में है। गाज़ा में मानवीय संकट गहराता जा रहा है। पश्चिम एशिया, अफ्रीका के अनेक गृहयुद्ध और एशिया में बढ़ते सामरिक तनाव बताते हैं कि आधुनिक विश्व अभी भी हथियारों के भरोसे सुरक्षा खोज रहा है। परमाणु हथियारों का जखीरा आज भी हजारों की संख्या में मौजूद है और वैश्विक सैन्य बजट लगातार बढ़ रहे हैं। तो क्या हथियारों की बढ़ती संख्या दुनिया को अधिक सुरक्षित बना रही है?

बीसवीं सदी के दो विश्वयुद्धों और हिरोशिमा-नागासाकी की त्रासदी ने मानवता को विश्वास दिलाया था कि शायद अब 'युद्ध' इतिहास की बात बन जाएंगे, किंतु इक्कीसवीं सदी में ऐसा नहीं हुआ। रूस-यूक्रेन युद्ध तीसरे वर्ष में है। गाज़ा में मानवीय संकट गहराता जा रहा है। पश्चिम एशिया, अफ्रीका के अनेक गृहयुद्ध और एशिया में बढ़ते सामरिक तनाव बताते हैं कि आधुनिक विश्व अभी भी हथियारों के भरोसे सुरक्षा खोज रहा है।

गांधीवादी चिंतक और लेखक सतीश कुमार ने इसी प्रश्न को नए दृष्टिकोण से उठाया है। अपने एक लेख में उन्होंने कहा है कि जिस प्रकार लगभग हर देश में रक्षा मंत्रालय हैं, उसी प्रकार प्रत्येक देश में 'शांति मंत्रालय' भी होना चाहिए। ऐसा मंत्रालय समाज में संवाद, मध्यस्थता, शांति शिक्षा, अहिंसक प्रतिरोध, सामुदायिक मेल-मिलाप और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने का काम कर सकता है। यदि सरकारें युद्ध की तैयारी के लिए विशाल संस्थागत ढांचे विकसित कर सकती हैं, तो शांति की तैयारी के लिए भी संस्थागत व्यवस्था बनाई जानी चाहिए।

पहली दृष्टि में यह विचार आदर्शवादी लग सकता है, लेकिन वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में इसकी प्रासंगिकता को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। दुनिया के लगभग सभी देशों के पास रक्षा मंत्रालय, सेनाएं, युद्ध रणनीतियां और हथियारों के आधुनिकीकरण की योजनाएं हैं, किंतु शायद ही कोई ऐसा देश हो जहां संवाद, मेल-मिलाप, संघर्ष-निवारण और शांति शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अलग मंत्रालय हो। 'स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट' के अनुसार वर्ष 2024 में दुनिया का सैन्य व्यय लगभग 2.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था, जो अब तक का सर्वाधिक है। यह लगातार दसवां वर्ष था, जब वैश्विक रक्षा व्यय में वृद्धि दर्ज की गई। अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी और भारत सबसे अधिक रक्षा व्यय करने वाले देशों में शामिल हैं। इसके विपरीत 'यूएन' की अनेक मानवीय और शांति-स्थापना एजेंसियां संसाधनों की कमी से जूझती रहती हैं। यह विरोधाभास बताता है कि विश्व राजनीति की प्राथमिकताएं किस दिशा में झुकी हुई हैं।

युद्ध की सबसे बड़ी कीमत सैनिकों से अधिक राष्ट्र के आम नागरिक चुकाते हैं। 'संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त' (यूएनएचसीआर) के अनुसार दुनिया में 12 करोड़ से अधिक लोग युद्ध, हिंसा और उत्पीड़न के कारण अपने घर छोड़ने को विवश हैं। गाज़ा, यूक्रेन और सूडान जैसे क्षेत्रों में स्कूल, अस्पताल और नागरिक बस्तियां नष्ट हुई हैं। लाखों बच्चे शिक्षा से वंचित हुए हैं और असंख्य परिवार विस्थापन का जीवन जी रहे हैं। आधुनिक युद्ध केवल सीमाओं को नहीं, बल्कि समाजों के विश्वास, मानवीय गरिमा और भविष्य को भी समाप्त करते हैं। युद्ध का एक और गंभीर पक्ष पर्यावरणीय विनाश है। आधुनिक सेनाएं भारी मात्रा में जीवाश्म ईंधन का उपयोग करती हैं। बमबारी से जंगल, कृषि भूमि और जलस्रोत नष्ट होते हैं। औद्योगिक प्रतिष्ठानों के ध्वस्त होने से विषैले रसायन वातावरण में फैलते हैं और 'ग्रीनहाउस गैसों' का उत्सर्जन बढ़ता है। सतीश कुमार का प्रस्ताव है कि रक्षा बजट का एक हिस्सा शांति निर्माण के लिए निर्धारित किया जाना चाहिए। शांति मंत्रालय का कार्य केवल युद्ध रोकना नहीं, बल्कि शांति शिक्षा, संवाद, मध्यस्थता, सामुदायिक मेल-मिलाप, अहिंसक प्रतिरोध, संघर्ष-निवारण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना होगा।

दरअसल, शांति को संस्थागत रूप देने का विचार नया नहीं है। महात्मा गांधी का मानना था कि हिंसा अंततः प्रतिहिंसा को जन्म देती है। स्वतंत्रता आंदोलन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां करोड़ों लोगों ने बिना हथियार एक साम्राज्य को चुनौती दी। गांधी का स्वराज केवल राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं था; वह ऐसे समाज की परिकल्पना थी जहां संघर्षों का समाधान संवाद और नैतिक शक्ति से हो।

गांधी की इसी परंपरा को विनोबा भावे, दादा धर्माधिकारी, जयप्रकाश नारायण और नारायण देसाई जैसे अनेक विचारकों ने आगे बढ़ाया और समाज में संवाद, रचनात्मक कार्यक्रमों और अहिंसक संघर्षों को लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति माना। इन सभी का विश्वास था कि स्थायी सुरक्षा हथियारों से नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण समाज, लोकतांत्रिक भागीदारी और अहिंसक संस्कृति से आती है। इस दृष्टि से 'शांति मंत्रालय' का प्रस्ताव गांधीवादी चिंतन का समकालीन संस्थागत विस्तार प्रतीत होता है। द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन और दार्शनिक बर्ट्रेंड रसेल ने भी मानवता को यही चेतावनी दी थी। 1955 के प्रसिद्ध 'रसेल-आइंस्टीन घोषणापत्र' में उन्होंने विश्व नेताओं से आग्रह किया था कि वे युद्ध की बजाय मानव अस्तित्व को प्राथमिकता दें। घोषणापत्र का सबसे प्रसिद्ध वाक्य आज भी प्रासंगिक है- 'अपनी मनुष्यता को याद रखिए और बाकी सब भूल जाइए।' यही विचार आगे चलकर परमाणु निरस्त्रीकरण और वैश्विक शांति आंदोलनों की प्रेरणा बना।

'यूएन' की स्थापना इसी विश्वास के साथ हुई थी कि आने वाली पीढ़ियों को युद्ध की विभीषिका से बचाया जाए। 'यूएन चार्टर' की प्रस्तावना में इसका स्पष्ट उल्लेख है। शांति स्थापना अभियानों, संघर्ष-निवारण, मध्यस्थता और 'अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस' जैसी पहलों के माध्यम से 'यूएन' लगातार प्रयास करता रहा है। हालांकि महाशक्तियों के राजनीतिक हित और 'वीटो व्यवस्था' अक्सर इन प्रयासों को सीमित कर देते हैं।

भारत के लिए यह विमर्श विशेष महत्व का है। 'अहिंसा परमो धर्म:,' 'वसुधैव कुटुम्बकम्' और गांधी का सत्याग्रह केवल आदर्श नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति के वैकल्पिक मूल्य भी हैं। भारत अपनी सुरक्षा जरूरतों से समझौता किए बिना भी शांति शिक्षा, संघर्ष-समाधान, मानवीय कूटनीति और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के क्षेत्रों में नई पहल कर सकता है। यदि भारत 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का संदेश विश्व समुदाय को दे सकता है, तो शांति को सार्वजनिक नीति का विषय बनाने की बहस का नेतृत्व भी कर सकता है।

केवल एक नया मंत्रालय बना देने से युद्ध समाप्त नहीं होंगे। युद्धों के पीछे भू-राजनीतिक हित, संसाधनों की प्रतिस्पर्धा और वैचारिक टकराव जैसे अनेक कारण होते हैं। फिर भी संस्थाएं समाज की प्राथमिकताओं का प्रतीक होती हैं। जिस प्रकार पर्यावरण संरक्षण के लिए अलग मंत्रालय बनने के बाद पर्यावरण नीति को नई पहचान मिली और आपदा प्रबंधन के लिए अलग संस्थागत व्यवस्था विकसित हुई, उसी प्रकार शांति के लिए समर्पित संस्थान भी यह संदेश देंगे कि राष्ट्र केवल युद्ध जीतने की नहीं, बल्कि शांति स्थापित करने की तैयारी कर रहे हैं। यदि मानवता ने युद्ध के लिए मंत्रालय बनाए हैं, तो क्या अब समय नहीं आ गया कि वह शांति के लिए भी एक मंत्रालय बनाने का साहस दिखाए?

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं सामाजिक कार्यों से संबद्ध हैं।**

## आपके पत्र

# सुविधाएं गांव तक पहुंचनी चाहिए

गांव में रहने वाले लोगों के लिए किसी चीज की कीमत केवल उसकी दुकान पर लिखी रकम से तय नहीं होती। कई बार उसे खरीदने के लिए घर से शहर तक जाने और आने का किराया, लगने वाला समय, काम से छूटा एक दिन और रास्ते में होने वाली दूसरी परेशानियां भी जुड़ जाती हैं। यही वह अदृश्य कीमत है, जिसे गांव के कठिन जीवन को समझते समय अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

उदयपुर शहर से लगभग चार किमी दूर ब्राह्मणों का गुड़ा गांव इसका एक उदाहरण है। शहर के इतने करीब होने के बावजूद गांव के भीतर की सड़कें टूटी-फूटी हैं और रोजमर्रा की कई जरूरतों के लिए लोगों को शहर का रुख करना पड़ता है। इस गांव में केवल दो छोटी दुकानें हैं, जहां ज़रूरत का पूरा राशन नहीं मिलता है। इसलिए लोगों को राशन और दूसरी जरूरी चीजें खरीदने के लिए शहर जाना पड़ता है। बाहर से देखने पर चार किमी की दूरी बहुत बड़ी नहीं लगती, लेकिन रोजमर्रा की जिंदगी में यही दूरी गांव में आर्थिक रूप से कमज़ोर किसी परिवार के बजट, समय और श्रम के रूप में बहुत मायने रखती है।

गांवों की समस्या को केवल इस सवाल से नहीं समझा जा सकता कि वहां कितनी दुकानें हैं। असली सवाल यह है कि क्या गांव में रहने वाला व्यक्ति अपनी रोजमर्रा की जरूरतें अपने आसपास से पूरी कर सकता है? अगर राशन की पूरी व्यवस्था गांव में नहीं है, गैस सिलेंडर के लिए अतिरिक्त पैसे देने पड़ते हैं और जरूरी सामान लेने के लिए शहर जाना पड़ता है, तो इसका असर केवल जेब पर नहीं पड़ता है बल्कि उसके पूरे महीने के बजट पर पड़ता है। किसी मजदूर को सामान लेने के लिए शहर जाना पड़े तो उसके काम का समय भी जाता है। किसी परिवार के पास एक साथ अधिक सामान खरीदने के लिए पर्याप्त पैसा न हो तो वह अपनी जरूरत का सामान भी कम मात्रा में खरीदने को मजबूर हो सकता है। यानी गांव में सुविधाओं की कमी लोगों को ऐसी व्यवस्था में धकेल देती है, जहां छोटी-छोटी जरूरतें भी अतिरिक्त खर्च मांगती हैं।

इसका बोझ परिवार के सभी सदस्यों पर एक जैसा नहीं पड़ता। घर में सामान लाने, बच्चों की जरूरतें पूरी करने और रोजमर्रा के काम संभालने की जिम्मेदारी अक्सर महिलाओं के हिस्से में आती है। ऐसे में जब जरूरी सामान गांव में उपलब्ध नहीं होता, तो यात्रा का अतिरिक्त समय और श्रम भी उनके जीवन में जुड़ जाता है। गांव की कठिनाइयां बाजार तक ही सीमित नहीं हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी दूरी और सुविधाओं की कमी बच्चों के भविष्य को प्रभावित करती है। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी या समय पर शिक्षकों के नहीं आने की समस्या के कारण माता-पिता बच्चों को निजी स्कूल में भेजना चाहते हैं। लेकिन निजी स्कूल का मतलब केवल फीस नहीं है। किताबें, यूनिफॉर्म और बस का खर्च भी परिवार की आय पर अतिरिक्त बोझ डालते हैं। जिन परिवारों की आमदनी पहले ही सीमित है, उनके लिए बच्चे की शिक्षा जारी रखना कई बार आर्थिक चुनौती बन जाता है।

गांव को मजबूत बनाने का मतलब केवल सड़क या इमारत बनाना नहीं, बल्कि ऐसी स्थानीय व्यवस्था तैयार करना है जिसमें लोगों की अपनी जरूरतें गांव में ही उपलब्ध हो जाए। रोजगार गांव के पास हो, बच्चों को गांव में ही अच्छी शिक्षा मिले, जरूरी सामान उचित दाम पर उपलब्ध हो और सरकारी योजनाओं तक पहुंच आसान हो। तभी गांव की दूरी नक्शे पर दर्ज कुछ किमी भर रह जाएगी।

**विनय अग्रवाल, उदयपुर, राजस्थान**



# ललित सुरजन की कलम से

## संशयग्रस्त भारत और ओलंपिक

*'क्रिकेट एक ऐसा खेल है जिसमें खिलाड़ियों के साथ मैदान को भी विज्ञापनों से पाटा जा सकता है। अन्य खेलों में यह गुंजाइश कम इसलिए है क्योंकि उनमें अधिक गति होती है और सवा डेढ़ घंटे में खेल खत्म हो जाता है। बेशक फुटबॉल और टेनिस में सट्टेबाजी होती है, खासकर विदेशों में, लेकिन क्रिकेट की सट्टेबाजी के सामने वह कुछ भी नहीं। इस व्यवसायिकता का दूसरा पहलू है कि कोई भी खिलाड़ी जिसने राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त कर ली हो, उसे अपने कब्जे में लेने के लिए विज्ञापनदाता टूट पड़ते हैं। इसमें शायद युवा खिलाड़ियों के माता-पिता के लालच का भी दोष होता है! एक खिलाड़ी को पर्याप्त आर्थिक प्रोत्साहन मिले यह तो ठीक है, लेकिन अगर वह विज्ञापन से मिलने वाले करोड़ों रुपए की चकाचौंध में खो जाएं तो फिर उसका एकाग्रचित्त होकर खेल पाना मुश्किल हो जाता है। हाल के वर्षों में कुछ नए खिलाड़ियों ने जो बेहतरीन उपलब्धियां हासिल कीं उनकी चमक कम पड़ जाने का कारण शायद यही है।'*

**( देशबन्धु में 25 अगस्त 2016 को प्रकाशित )**
https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/08/blog-post_24.html

## गुरुवाणी विचार

# गुजरी महला 5

कबहू हरि सिओ चित न लाइओ
धंधा करत बिहानी अउधहि गुण निदि नाम न गाइए (रहाओ)
बिसरत प्रभ केते दुख गनीअहि महा मोहनी खाइए
करो अनुग्रह सुआमी मेरे गनहु न मोहि कमाइए
गोविंद गइआल क्रिपाल सुख सागर नानक हरि सरणाइए।

गुरुवाणी की ये पंक्तियां गूजरी राग से ली गई हैं जो गुरुग्रंथ साहिब के 501 अंग में सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा पांचवें नानक गुरु अर्जुन देव मानव मन को समझाते हुए कह रहे हैं- इंसान इस संसार में आकर माया, मोह और विषय विकारों में इतना फंस जाता है कि वह अपने जनक प्रभु परमात्मा को ही विसार बैठा है। उस प्रभु परमात्मा से अपना मन जोड़ ही नहीं पाता। चाहिए तो यही था कि इस संसार में जिस प्रभु परमात्मा ने हमें यह सुंदर मानव देही देकर इस धरा पर भेजा है। हमेशा उनका हर वक्त ध्यान लगाता रहे पर वह झूठे आडंबरों में फंस कर उस प्रभु परमात्मा का कभी ध्यान ही नहीं लगाता। जो याद रहे हमें प्रभु परमात्मा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मानवदेही दी है। यह उसकी हम पर विशेष कृपा है वरना उसके पास तो चौरासी लाख योनियों का अटूट भंडार था वह हमें किसी भी योनि में भेज सकता था पर हमारे पूर्व जनमों में किए गए पुण्य कर्मों के फल के कारण ही हमें मानव देही प्राप्त हुई है। हमारा कर्तव्य है कि प्रभु सिमरन में मन लगाए रहें।

जिस प्रकार स्वर्णकार गहने बनाता है पर उन गहनों के बनने और बिकते तक ही उस गहने का ध्यान रखता है। गहना बिका और उसका ध्यान देखरेख खतम। एक कुम्हार मिट्टी के बर्तन बनाता है पर बिकने तक ही उसका ध्यान उसमें रहता है, प्रभु परमात्मा ऐसे कारीगर हैं जो इस समस्त संसार की रचना करने के बाद हर जीव के अंदर विराजमान रहकर उसके द्वारा किये गए प्रत्येक कार्य को देखता रहता है जिसका कि लेखाजोखा उनके दरबार में चित्रगुप्त द्वारा रखा जाता है। इसीलिए उस प्रभु परमात्मा को कभी न बिसारे और हर वक्त उसका ध्यान लगाये रखे।

हमें अपने और परिवार का उदर पोषण भी करना है और मन हमेशा प्रभु में लगाये रखना है क्योंकि गुरुदेव ने समझाया है-औरत, ईमान, पुत्तर निशान दौलत गुजरान। अर्थात गृहस्थ में रहकर धर्म का पालन करते हुए हमें ईमानदारी से नेक कमाई करना है और कमाई का दसबंध निकालकर जरूरतमंदों की मदद में दीन दुखियों की सेवा में खर्च करना है पर हमारा मन हर वक्त निरंकार से जुड़ा रहना चाहिए। इसी बात को भक्त नामदेव त्रिलोचन जी तो कुछ इस तरह समझा रहे हैं-

नामा कहे त्रिलोचना मुख ते नाम संभाल।
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नाल।।

शुरु में हमें यह असंभव प्रतीत होगा जरूर होगा पर धीरे-धीरे अभ्यास करते रहने हमारा मन निरंकार से जुड़ जाएगा। कबीर दास भी कह गए हैं-

केसो केसो कूकिये न सोइऐ आसार।
बार बार के कूकने कभी तो सुने पुकार।।

हर वक्त बार बार स्मरण करते रहने पर कभी न कभी तो हम पर कृपादृष्टि पड़ ही जाएगी और हमें प्रभु दर्शन का लाभ प्राप्त हो जाएगा फिर हमें किसी भी किस्म की तकलीफ नहीं होगी। हमारा मन सदा सुख ही सुख की प्राप्ति करता रहेगा-

सहस्त्र खटे लखि को उठि धावै।
तृप्त न आवै माया पाछै पावै।।

माया ऐसी मोहिनी है हमारे पास कितनी भी धन दौलत इकट्ठी हो जाए हमारी तृप्ति नहीं हो पाती ये माया मोहनी है बिना दांतों के ही सारे जग को खा रही है- माया ममता मोहिनी जिन बिन दंता जग खाया। पर जो इंसान हर वक्त प्रभु पर ध्यान लगाए रखते हैं उसकी तृप्ति खतम हो जाती है उन्हें संतोष की प्राप्ति हो जाती है।

**- इंदर सिंह आहुजा**




# भारतीय पुरुष हॉकी टीम का इंडोनेशिया पर बड़ी जीत से आगाज

## दिलप्रीत ने हैट्रिक सहित चार, सुखजीत सिंह व शिलानंद लाकरा ने दागे दो-दो गोल

**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह के हैट्रिक सहित चार, सुखजीत सिंह व शिलानंद लाकरा के दो -दो गोल से

■ भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमों को केसरिया जर्सी रास आई



भारतीय पुरुष हॉकी ने लहरों की तरह हमले बोल कर कमजोर इंडोनेशिया को काकामिगहारा (जापान) में कावासाकी जूडो स्टेडियम में एशियाई खेलों में रविवार को पूल ए के अपने मैच में से 13-1 से हरा कर अपना अभियान दमदार ढंग से शुरू किया। भारत के लिए राजिंदर सिंह, मंदीप सिंह, जुगराज सिंह सुखजीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह ने भी एक एक गोल किया।

पराजित इंडोनेशिया के लिए सम्मान बचाने वाला इकलौता गोल ओलिया अल अर्द्ध ने तीसरे क्वॉर्टर में दागा। इंडोनेशिया के गोलरक्षक आलम फज्र की तारीफ करनी होगी कि उन्होंने रविवार को भारत के स्ट्राइकरों के आधा दर्जन से ज्यादा लगभग निश्चित गोल न रोके होते तो उनकी टीम 20 गोल के अंतर से यह मैच हारती। भारतीय हॉकी टीमों के भारत से रवाना होने से पहले हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने कहा था कि एशियाई खेलों में भारतीय हॉकी टीमें नीली जर्सी पहन कर खेलेंगी। सच तो यह है कि भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमों को केसरिया जर्सी रास आई। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के लंबे पास पर तीसरे मिनट डी के भीतर खड़े दिलप्रीत सिंह गेंद को गोल में नहीं डाल सके और भारत के हाथ आया खाता खोलने का मौका फिसल गया। कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के पहले पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक को इंडोनेशिया के गोलरक्षक आलम फज्र ने रोका लेकिन लौटती गेंद को वहीं मंडराते शिलानंद लाकरा ने गोल में डाल कर भारत को मैच के छठे मिनट में 1-0से आगे कर दिया। भारत ने इसके बाद मैच पर अपनी पकड़ बनाई लेकिन इंडोनेशिया ने अपने किले की मुस्तैदी से चौकसी कर उसे गोल करने से रोका।

मंदीप सिंह ने डी के भीतर तेज शॉट जमाया लेकिन इसे भी इंडोनेशिया की रक्षापंक्ति के खिलाड़ी ने अपनी स्टिक पर अपने शॉट को ले रोक कर उन्हें गोल करने से रोका। अभिषेक नैन ने पहला क्वॉर्टर खत्म होने से तीन मिनट पहले कप्तान हरमनप्रीत सिंह के एरियल पास पर डी के भीतर गेंद का संभाल तेज शॉट जमाया इसे इंडोनेशिया के गोलरक्षक ने रोका जरूर लेकिन लौटती गेंद पर उन्होंने फिर तेज शॉट जमा गोल कर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। अभिषेक ने दो मिनट बाद एक और एरियल पास पर गेंद संभाली लेकिन इंडोनेशिया की रक्षापंक्ति के खिलाड़ियों ने दीवार की तरह उनके शॉट को रोक लिया। भारत की टीम पहला क्वॉर्टर खत्म होने पर 2-0से आगे थी। दिलप्रीत ने दूसरे क्वॉर्टर के तीसरे मिनट में अभिषेक से मिले पास पर डी के भीतर तेज शॉट जमा बढ़िया मैदानी गोल कर भारत को 3-0से आगे कर दिया। दिलप्रीत ने अगले ही मिनट सुखजीत सिंह के बढ़िया पास पर अचूक शॉट जमा मैच का अपना दूसरा गोल कर भारत को 4-0से और अगले ही क्षण सुखजीत सिंह के डी के भीतर तेज शॉट पर लौटती गेंद को राजिंदर सिंह ने संभाल कर गोल कर भारत को 5-0से आगे कर दिया। इंडोनेशिया के गोलरक्षक आलम फज्र ने अपने दाएं गोता लगा कर पेनल्टी स्ट्रोक पर भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह के पुश को रोका। मंदीप सिंह ने मैच के 21 वें मिनट में गोल कर भारत को 6-0से आगे कर दिया। सुमित ने इंडोनेशिया के फॉरवर्ड को गलत ढंग से रोका और उन्हें ग्रीन कार्ड दिखा कर दो मिनट के लिए मैदान से बाहर भेजा गया। मनप्रीत सिंह जैसे ही गेंद को गोल में डालने जा रहे थे उन्हें गलत ढंग से रोकने पर 28 वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर मिला और इसे कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल में बदल कर भारत को हाफ टाइम तक 7-0 से आगे कर दिया। इंडोनिशिया के ओलिया अल अर्द्ध ने तीसरे क्वॉर्टर के तीसरे मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर उंचे ड्रैग फ्लिक से गोल कर स्कोर 1-7 कर दिया। इंडोनेशिया ने विडियो रेफरल पर यह पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया था। राजिंदर सिंह के डी के भीतर मिले पास पर शिलानंद लाकरा ने तीसरे क्वॉर्टर के पांचवें मिनट में गोल कर भारत को 8-1 से आगे कर दिया।

### भारतीय महिला हॉकी टीम ने उज्बेकिस्तान को 19-0 से हराया



■ दीपिका सहरावत ने दोहरी हैट्रिक सहित दागे आठ गोल

ऑलराउंडर दीपिका सहरावत के दोहरी हैट्रिक सहित दागे आठ और इशिका की हैट्रिक की बदौलत भारतीय टीम ने काकामिगहारा (जापान) में 20 वें एशियाई खेलों की हॉकी स्पर्द्धा में रविवार पूल बी में अपने अभियान का आगाज उज्बेकिस्तान की कमजोर टीम को 19-0 से करारी शिकस्त देकर किया। ल वर्षा करने वाली दीपिका सहरावत ने छह गोल पेनल्टी कॉर्नर पर किए ही साथ ही दो खूबसूरत मैदानी गोल भी किए। भारतीय महिला टीम के लिए ड्रैग फ्लिकर व स्ट्राइकर दीपिका सहरावत ( आठवें, 22 वें, 25 वें, 33 वें 36वें , 38 वें 41 वें और 54 वें मिनट में) ने आठ, ,इशिका (11वें, 42 वें, 54 वें मिनट) ने तीन , नवनीत कौर (23 वें 45 वें मिनट) व ललथांतलुआंगी ( 43 वें 51 वें मिनट) ने दो- दो तथा ललरेमिसयामी (सातवें मिनट), नेहा (18 वें मिनट), बलजीत कौर (12 वें मिनट) व साक्षी राणा (43 वें मिनट) ने एक एक गोल किया। भारत की जीत में खास बात यह रही कि उज्बेकिस्तान पर इस बड़ी जीत में उसकी आठ अलग अलग खिलाड़ियों ने इस गोल वर्षा में योगदान किया।

# फाइनल में पहुंची भारतीय महिला क्रिकेट टीम

■ भारतीय महिला टीम फाइनल में श्रीलंका से भिड़ेंगी
■ शैफाली वर्मा ने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगाया शतक

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 20 सितम्बर (देशबन्धु)। 22 बरस की ओपनर ओपनर शैफाली वर्मा के पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट शतक की बदौलत मौजूदा चैंपियन भारत ने बांग्लादेश को कोरोगी स्पोटर्स पार्क, निशिन (जापान) में एशियाई खेलों के दूसरे महिला टी-20 क्रिकेट सेमीफाइनल में रविवार को 114 रन से करारी शिकस्त दी।

मिजाज से आक्रामक बैटर शैफाली ने अपने स्तर से कही धीमी बल्लेबाजी कर अपना अविजित शतक पूरा किया, लेकिन बावजूद इसके उनकी इस पारी में क्रिकेट प्रेमियों को नौ छक्के देखने को मिले। शैफाली वर्मा (104 छक्के) ने स्मृति मंधाना (100 छक्के) के भारत के लिए टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। शैफाली (9 छक्के) ने साथ ही अपनी कप्तान हरमनप्रीत कौर(8 छक्के) को पीछे कर एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत के लिए सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाली बैटर बन गई।

भारत ने हाल ही में दुबई में भी महिला टी-20 एशिया कप क्रिकेट में भी बांग्लादेश को 40 रन से शिकस्त दी थी। अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखने से एक कदम दूर भारतीय महिला क्रिकेट टीम लगातार दूसरी बार फाइनल में बुधवार को श्रीलंका से भिड़ेगी। भारत ने दुबई में एक हफ्ते पहले श्रीलंका को महिला टी 20 एशिया कप क्रिकेट फाइनल में 72 रन से हराया था। शैफाली वर्मा के तेज शतक की बदौलत भारत ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए रविवार को निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 195 रन का मजबूत स्कोर बनाया। शैफाली वर्मा 49 गेंद खेल कर नौ छक्कों और तीन चौकों की मदद से 100 रन और भारती फूलमाली पांच गेंद खेल कर एक छक्के की मदद से नौ रन बनाकर अविजित रहीं। शैफाली वर्मा ने श्रोना अख्तर की गेंद को हल्के से कवर में खेल कर एक रन दौड़ कर अपना अविजित शतक पूरा किया। शैफाली वर्मा जैसे ही शतक पूरा कर मैदान से बाहर आई तो उनकी सलामी जोड़ीदार मंधाना और कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित पूरी भारत महिला क्रिकेट टीम ने तालियों से उनका जोरदार स्वागत किया। विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी करने के लिए ख्यात शैफाली वर्मा ने अहम सेमीफाइनल में जोश के साथ जरूरी होश दिखा कर दबाव में बेहतरीन बल्लेबाजी कर शतक जड़ा। अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा (3/7), बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचारिणी (2/7), श्रेयंका पाटील(1/22) की स्पिन त्रिमूर्ति और नौजवान तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा (3/25) और क्रांति गौड़ (1/20) ने गेंदबाजी इकाई के रूप में बेहतरीन गेंदबाजी कर बांग्लादेश को 15.4 ओवर में मात्र 81 रन पर ढेर कर भारत को बेहद आसान जीत दिला फाइनल में स्थान दिला दिया।

### श्रीलंका ने सेमीफाइनल में दी पाक को दी शिकस्त

कप्तान चामरी अट्टापट्टू की 50 गेंद पर छह छक्कों और सात चौकों की मदद से अविजित 81 रन की तूफानी पारी और उनकी हसिनी परेरा (42 रन, 26 गेंद, तीन छक्के, तीन चौके) के साथ दूसरे विकेट की 95 रन की तूफानी भागीदारी की बदौलत श्रीलंका (17.5 ओवर में दो विकेट पर 178 रन) ने पाकिस्तान (20 ओवर में चार विकेट पर 177 रन) को पहले सेमीफाइनल में आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। शावल जुल्फिकार (54 रन, 50 गेंद, दो छक्के, तीन चौके) और आयश जफर (71 रन, 40 गेंद, दो छक्के, 9 चौके) के अर्द्धशतक और तीसरे विकेट की 115 रन की भागीदारी भी पाकिस्तान के काम न आई।

## भारतीय महिला टेबल टेनिस ने सिंगापुर के खिलाफ दर्ज की जीत



■ पुरुष टीम को ईरान से हार का सामना करना पड़ा

**टोयोटा,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। एशियन गेम्स 2026 में रविवार को भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने सिंगापुर के खिलाफ पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। वहीं, पुरुष टीम को ईरान से हार का सामना करना पड़ा। स्काई हॉल टोयोटा में 'ग्रुप एफ' के रोमांचक मुकाबले में भारतीय टीम सिंगापुर के खिलाफ भारत 1-2 से पीछे चल रही थी, लेकिन श्रीजा अकुला और यशस्विनी घोरपड़े ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर भारत को 3-2 से जीत दिलाई। इससे पहले, भारत ने अपने शुरुआती मैच में इंडोनेशिया को 3-0 से शिकस्त दी थी। भारतीय टीम तीन मुकाबलों में चार अंकों के साथ 'ग्रुप-एफ' में शीर्ष पर है। अब सोमवार को ग्रुप-स्टेज के अपने आखिरी मुकाबले में भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। सिंगापुर के खिलाफ, यशस्वी ने जियान जेंग पर 3-1 से जीत के साथ मजबूत शुरुआत की, लेकिन इसके बाद श्रीजा को मिंग लोय के खिलाफ रोमांचक पांच-गेम वाले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। वह 2-3 से हार गईं, जिससे मुकाबला बराबरी पर आ गया और फिर झाओ टैन ने दिया चितले को चार गेम में हराकर सिंगापुर को 2-1 की बढ़त दिला दी। मुश्किल स्थिति में होने के बावजूद भारतीय टीम ने वापसी की। श्रीजा ने अपना पहला गेम 6-11 से हारने के बाद अगले तीन गेम 11-3, 11-7, 11-4 से जीतकर मैच 3-1 से अपने नाम किया। इसी के साथ भारत ने 2-2 से बराबरी कर ली। यशस्वी निर्णायक मुकाबले के लिए लौटीं और पहला गेम 5-11 से हारने के बावजूद अगले दो गेम 11-8, 12-10 से जीते, लेकिन चौथा गेम 4-11 से हार गईं। पांचवां गेम भी काफी कड़ा रहा, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपना संयम बनाए रखा और आखिरी गेम 11-9 से जीतकर भारत को मुकाबला जिताया।

# भारतीय महिला टीम ने 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में रजत पदक जीता



■ एलावेनिल, सोनम व्यक्तिगत फाइनल में पहुंचीं

**आइची,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम ने रविवार को रजत पदक जीता। एशियन गेम्स 2026 में भारत का यह पहला पदक है। एलावेनिल वलारिवन, सोनम मस्कर और विदरसा कोचलुमकल की तिकड़ी ने यहां आइची प्रीफ. जनरल शूटिंग गैलरी में 16 टीमों के इवेंट में 1897 पॉइंट्स जमा किए और चीन के बाद दूसरे स्थान पर रही। चीन ने 1904.2 के वर्ल्ड-रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। मेजबान जापान 1897.1 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर रही और कांस्य पदक जीता। इस बीच, भारत की एलावेनिल और सोनम भी व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन में शानदार प्रदर्शन के बाद व्यक्तिगत इवेंट के फाइनल में पहुंच गई हैं। सोनम 57 एथलीट फील्ड में तीसरे स्थान पर रहीं और उन्होंने 634.1 पॉइंट्स बनाए, जबकि एलावेनिल 633.5 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहीं। तीसरी भारतीय, विदरसा, 630.4 के स्कोर के साथ 12वें स्थान पर रहीं। पहली सीरीज के आखिर में, तीनों ने मिलकर 316.9 पॉइंट्स बनाए। दूसरी सीरीज में उन्होंने 316.8 पॉइंट्स बनाए, जबकि तीसरी सीरीज में उन्होंने और भी बेहतर प्रदर्शन किया। तीनों ने मिलकर 317.9 पॉइंट्स बनाए और शानदार प्रदर्शन करते हुए 951.6 पॉइंट्स बनाए। चौथी सीरीज के आखिर में, भारतीय तीनों ने चौथी सीरीज में 316.2 पॉइंट्स जमा करके 1267.8 पॉइंट्स बनाए। वे आखिरों से पहले पांचवीं सीरीज में पिछड़ गए और 314.8 का स्कोर बनाया, फिर आखिरी सीरीज में 315.4 का स्कोर बनाकर 1898 पर खत्म किया, जो तीसरे नंबर पर मौजूद जापान से 0.9 ज्यादा था। वालारिवन आईएसएसएफ वर्ल्ड कप में दो बार की स्वर्ण पदक विजेता हैं। उन्होंने 2019 और 2023 वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक जीता है।

### पीएम मोदी ने सिल्वर जीतने पर महिला टीम को दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियन गेम्स 2026 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल टीम को सिल्वर मेडल जीतने पर बधाई दी है। इसके साथ ही उन्होंने 10 मीटर मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत इवेंट में सिल्वर पर निशाना साधने वालीं इलावेनिल वलारिवन को भी सराहा है।

# भारत की नई पीढ़ी कबड्डी में शानदार प्रदर्शन के लिए तैयार



**आइची नागोया,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय कबड्डी खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी आइची-नागोया में एशियन गेम्स के मंच पर जबरदस्त प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। इस टीम में देवांक दलाल भी शामिल हैं, जो अपने पहले बड़े अंतरराष्ट्रीय मल्टी-स्पोर्ट इवेंट में हिस्सा लेने जा रहे हैं। 23 साल के देवांक भारतीय पुरुष टीम के सदस्य के तौर पर एशियाई खेलों में कबड्डी में अपना डेब्यू करेंगे। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 21 सितंबर को मेजबान जापान के खिलाफ मुकाबले से करेगी। देवांक दलाल के लिए टीम का हिस्सा बनने से जिम्मेदारी का एहसास तो बढ़ा गया है, लेकिन उनका कहना है कि इससे कोई अतिरिक्त दबाव नहीं आया है। दलाल ने कहा, 'मैं पहली बार एशियन गेम्स में हिस्सा ले रहा हूं। मैं अपने, अपने परिवार और अपने कोच के लिए खुश हूं। मैं सभी के लिए खुश हूं। अब जब मैं जा रहा हूं तो मेरी जिम्मेदारियाँ बढ़ गई हैं। मुझे भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतना होगा। अगर भारत ने मुझे चुना है, तो मुझे यह करना ही होगा। आपको दबाव महसूस करने जरूरत नहीं है। दबाव और जिम्मेदारी दो अलग-अलग चीजें हैं। यहां सिर्फ जिम्मेदारी है, दबाव नहीं। हम दबाव जैसी चीज में भरोसा नहीं करते। अगर आप दबाव लेंगे, तो आप खेल नहीं पाएंगे। अगर आप खेलेंगे नहीं, तो भारत कैसे जीतेगा? हम बिना दबाव के खेलेंगे और जीतेंगे। 'हालांकि देवांक दलाल पहली बार एशियन गेम्स में हिस्सा लेंगे, लेकिन उनके आस-पास अनुभवी खिलाड़ी होंगे।हांगझोऊ 2023 में मेंस कबड्डी में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे असलम इनामदार का मानना है कि टीम के खिलाड़ियों के बीच आपसी तालमेल और जान-पहचान से नए खिलाड़ियों को प्रतियोगिता से पहले टीम में घुलने-मिलने में मदद मिली है।

# कजाकिस्तान को 3-0 से मात देकर भारतीय महिला बैडमिंटन टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंची



■ पीवी सिंधु ने कामिला स्मागुलोवा को आसानी से 21-7, 21-9 से हराकर
■ कल क्वार्टर फाइनल में भारत का सामना जापान से होगा

**इचिनोमिया,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत ने 'एशियन गेम्स 2026' में महिला बैडमिंटन टीम इवेंट के 'राउंड ऑफ 16' म कजाकिस्तान को 3-0 से मात देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पीवी सिंधु और उन्नति हुड्डा के शुरुआती दो मैच सीधे गेम में जीतने के बाद, तन्वी शर्मा ने डायना नामेनोवा को शिकस्त देकर जीत का सिलसिला पूरा किया। मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में भारत का सामना जापान से होगा, जिसे पहले राउंड में 'बाय' (सीधे अगले राउंड में प्रवेश) मिला था। इसे जीतने वाला देश सेमीफाइनल में प्रवेश के साथ मेडल भी पक्का कर लेगा। दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने कामिला स्मागुलोवा को आसानी से 21-7, 21-9 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। यह मुकाबला 24 मिनट तक चला। इसके बाद उन्नति हुड्डा ने एलिसा कुलेशोवा को 21-7, 21-10 से मात देकर भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। यह मुकाबला 22 मिनट में खत्म हुआ। वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट तन्वी ने डायना नामेनोवा को सिर्फ 19 मिनट तक चले मुकाबले में 21-5, 21-10 से शिकस्त देकर जीत पूरी की। क्वार्टर फाइनल में जापान के खिलाफ कड़े सिंगल्स मुकाबले हो सकते हैं, जिसमें पीवी सिंधु का सामना अकाने यामागुची से और उन्नति हुड्डा का सामना टोमोका मियाजाकी से हो सकता है। वहीं, डबल्स में त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद का मुकाबला जापान की बेहतरीन जोड़ियों से हो सकता है, जिनमें युकी फुकुशिमा-मायु मात्सुमोतो और की नाकानिशी-सुजू इवाना शामिल हैं। एशियन गेम्स में भारतीय महिला टीम ने अब तक डबल्स में सिर्फ एक ही मेडल अपने नाम किया है।

## ऋषभ दास 100 मीटर बैकस्ट्रोक के फाइनल में

■ टउत्कर्ष पाटिल फाइनल में जगह बनाने से चूके

**नागोया,** 20 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय तैराक ऋषभ दास ने रविवार को हीट्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियन गेम्स में पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। वह 54.85 सेकंड के समय के साथ कुल मिलाकर पांचवें स्थान पर रहे। दास हीट 3 में तीसरे स्थान पर रहे और फाइनल में पहुंचे, जिससे इस इवेंट में भारत की उम्मीदें बनी रहीं। वह दूसरे स्थान पर रहे जापानी तैराक हिदेकाजू ताकेहारा से 0.63 सेकंड पीछे रहे, जबकि चीन के एशियन रिकॉर्ड होल्डर जू जियायू 52.63 सेकंड के साथ कुल मिलाकर टॉप पर रहे। हालांकि, उनके हमवतन उत्कर्ष पाटिल फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। पाटिल ने 56.19 सेकंड का समय निकालकर अपनी हीट में छठा और कुल मिलाकर 12वां स्थान हासिल किया, जिससे वह फाइनल के लिए रिजर्व हो गए। पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल हीट्स में भारत का प्रदर्शन उतना अच्छा नहीं रहा।

## सार संक्षेप

### पुरुषों के चांगक्वान वुशु फाइनल में 11वें स्थान पर रहे सूरज

**नागोया।** भारत के सूरज सिंह मयंगलमबम रविवार को आइची-नागोया एशियन गेम्स में पुरुषों के चांगक्वान वुशु फाइनल में 11वें स्थान पर रहे। वह सिर्फ 0.040 पॉइंट्स से पदक जीतने का मौका चूक गए। आइची प्रीफेक्चुरल मार्शल आर्ट्स हॉल में 21 एथलीटों के बीच मुकाबला करते हुए, सूरज ने कुल 9.683 पॉइंट्स बनाए। भारतीय वुशु विशेषज्ञ ने बिना किसी कटौती के क्वालिटी ऑफ मूवमेंट (ए-स्कोर) में परफेक्ट 5.00 और डिग्री ऑफ डिफिकल्टी (सी-स्कोर) में 2.00 पॉइंट्स हासिल किए। उन्हें ओवरऑल परफॉर्मेंस (बी-स्कोर) में 2.683 पॉइंट्स मिले। मकाऊ के कुओंग ची हिन 9.723 पॉइंट्स के साथ टॉप पर रहे, जबकि उनके हमवतन ची कुआन सोंग 9.720 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर रहे। टॉप पर कम अंतर ने यह भी दिखाया कि फाइनल में मार्जिन कितना कम था। सूरज का स्कोर कांस्य पदक मार्क से सिर्फ 0.040 पॉइंट्स पीछे था चांगक्वान वुशु के सबसे डायनैमिक डिसिप्लिन में से एक है, जिसमें एथलीट्स को पारंपरिक उत्तरी चीनी कुंग फू मूवमेंट्स का तेज-तर्रार रूटीन करना होता है।

### क्विम्सी डिसूजा टेकबॉल के कांस्य पदक मुकाबले में साकामोटो से हारीं

**नागोया।** भारत की क्विम्सी डिसूजा रविवार को एशियन गेम्स में महिलाओं के एकल टेकबॉल इवेंट में कांस्य पदक से चूक गईं। उन्हें जापान की युइना साकामोटो से करीबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। घरेलू पसंदीदा और दुनिया की नंबर 7 खिलाड़ी के खिलाफ खेलते हुए, क्विम्सी ने शुरुआती सेट में पिछड़ने के बाद वापसी की, लेकिन वह अपनी वापसी को जीत में नहीं बदल सकीं। साकामोटो ने निर्णायक मुकाबलों में अपना धैर्य बनाए रखा और सेट 12-11 से जीत लिया। क्विम्सी 3-6 और बाद में 7-9 से पीछे थीं, लेकिन फिर उन्होंने जबरदस्त वापसी की। वह 11-10 से आगे हो गईं, लेकिन साकामोटो ने स्कोर बराबर कर दिया और फिर आखिरी पॉइंट हासिल करके सेट जीत लिया। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे सेट की जोरदार शुरुआत की और ऐसा लग रहा था कि वह एक निर्णायक सेट के लिए तैयार हैं। क्विम्सी ने 6-3 की बढ़त बनाई और बाद में 10-7 से आगे हो गईं, लेकिन सकामोटो का अनुभव एक बार फिर सामने आया। जापानी खिलाड़ी ने धीरे-धीरे कमी को कम किया, क्विम्सी पर दबाव बनाने के लिए कई तरह के स्मार्ट टच और शॉट का इस्तेमाल किया। आखिरकार वह 10-10 से बराबर हो गईं, और फिर आखिरी गेम में बढ़त बनाकर कांस्य पदक सुनिश्चित किया।

### लवलीना बोरगोहेन सहित 11 मुक्केबाज संभालेंगे भारतीय चुनौती

**आईची नागोया।** ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और उभरती हुई खिलाड़ी साक्षी चौधरी, जापान के आइची-नागोया में आयोजित एशियन गेम्स 2026 में भारत की बॉक्सिंग चुनौती की अगुवाई करेंगी। भारत इन खेलों में 11 सदस्यों वाली बॉक्सिंग टीम उतारेगा। इस टीम में पांच महिलाएं और छह पुरुष शामिल होंगे। इस टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाएं एक साथ प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। इसमें लवलीना बोरगोहेन, पूर्व एशियन चैंपियन परवीन हुड्डा के साथ-साथ कॉमनवेल्थ गेम्स मेडलिस्ट साक्षी चौधरी, नरेंद्र बेरवाल और जादुमणि सिंह भी शामिल हैं। एशियन गेम्स 2026 में भारतीय मुक्केबाजी टीम महिलाः साक्षी चौधरी (51 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), प्रिया घघांस (60 किग्रा), परवीन हुड्डा (65 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) पुरुषः जादुमणि सिंह (55 किग्रा), सचिन सिवाच (60 किग्रा), सुमित कुंडू (70 किग्रा), अंकुश पंघाल (80 किग्रा), कपिल पोखरिया (90 किग्रा), नरेंद्र बेरवाल ( 90 किग्रा) लवलीना बोरगोहेन भारत की सबसे सफल बॉक्सरों में से एक के तौर पर आइची-नागोया में उतरेंगी।

## सार समाचार

### ऑटो एकता यूनियन की बैठक में कार्यकारिणी का गठन



**सिरोंज, देशबन्धु।** रविवार को ऑटो एकता यूनियन की बैठक ऑटो चालकों की मौजूदगी में आयोजित हुई। बैठक में ऑटो चालकों की विभिन्न समस्याओं सहित संगठन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से यूनियन की कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। यूनियन अध्यक्ष रजत सक्सेना ने बताया कि बैठक में ऑटो चालकों के हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के साथ उनकी समस्याओं को संगठन के माध्यम से प्रमुखता से उठाने और आपसी समन्वय बनाए रखने पर जोर दिया गया। गठित कार्यकारिणी में अध्यक्ष रजत सक्सेना, संरक्षक नन्दू भाई, उपाध्यक्ष राजा भाई, सचिव सलीम भाई, कोषाध्यक्ष महेश बाबू, संगठन मंत्री सलमान भाई, प्रचार मंत्री जितेंद्र अहिरवार, सोशल मीडिया प्रभारी जीशान भाई, मीडिया प्रभारी पत्रकार अब्दुल अलीम, कानूनी सलाहकार मुस्ताक वकील और व्यवस्थापक बबलू भाई को जिम्मेदारी सौंपी गई। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन ऑटो चालकों की समस्याओं को एकजुट होकर संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखेगा तथा उनके हितों के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### देवपुर में पुरानी मंदिर समिति भंग, सर्वसम्मति से नई समिति का गठन



**सिरोंज, देशबन्धु।** देवपुर धाम स्थित सद्गुरु रविदास समाज एवं शिक्षा कल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को आयोजित हुई। बैठक में मंदिर की व्यवस्था और भविष्य के संचालन को लेकर समाजजनों ने चर्चा की। सर्व समाज की सहमति से पुरानी मंदिर समिति को भंग कर नई समिति का गठन किया गया।

नई समिति में ग्राम आंधारेला निवासी मेहरबान सिंह आहिरवार को सर्वसम्मति से अध्यक्ष, ग्राम भौरा निवासी सुरेंद्र आहिरवार को उपाध्यक्ष तथा डॉ. विनोद मडोतिया को मंदिर सचिव चुना गया। बैठक में बड़ी संख्या में अहिरवार समाज के लोग उपस्थित रहे। समाजजनों ने नई समिति से मंदिर की व्यवस्था ईमानदारी, पारदर्शिता और समाज की सहभागिता के साथ संचालित करने की अपेक्षा जताई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने पद की शपथ लेते हुए मंदिर की जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया। उन्होंने मंदिर की आय-व्यय का सही हिसाब रखने तथा महत्वपूर्ण निर्णय समाज एवं समिति की सहमति से लेने की बात कही। बैठक में यह भी तय किया गया कि मंदिर की व्यवस्था किसी व्यक्ति विशेष की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी होगी।

### शांतिनाथ जिनालय में संगीतमय पूजन और महाआरती में झूमे श्रद्धालु

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** जैन धर्म के महत्वपूर्ण पर्व पर्यूषण के दस दिवसीय धर्म आराधना क्रम में पांचवें दिन श्रद्धालुओं ने उत्तम सत्य धर्म की आराधना की।

शांतिनगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में धार्मिक आयोजन हुए। प्रातःकाल भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा कर मूलनायक भगवान शांतिनाथ की संगीतमय पूजन की गई। इसके साथ ही जिनमुखोद्भव सरस्वती देवी की पूजा एवं तत्त्वार्थ सूत्र ग्रंथ का वाचन किया गया। श्री शांतिनाथ जिनालय के अध्यक्ष देवेंद्र जैन कटारे ने बताया कि पर्यूषण पर्व के दौरान प्रतिदिन आयोजित होने वाली संगीतमय महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों पर नृत्य कर धार्मिक आनंद लिया। इसके बाद विद्वानों ने वचनिका के माध्यम से उत्तम सत्य धर्म का महत्व बताया। वचनिका में बताया गया कि जो बात जैसी है, उसे वैसी ही कहना और कपट से दूर रहना उत्तम सत्य धर्म है। सत्य बोलते समय इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए कि हमारे शब्दों से किसी को अनावश्यक दुख या नुकसान न पहुंचे। जैन दर्शन में सत्य के साथ अहिंसा, संयम और मधुर वाणी को भी महत्वपूर्ण माना गया है। विद्वानों ने कहा कि सत्य केवल झूठ न बोलने तक सीमित नहीं है, बल्कि मन, वचन और कर्म में ईमानदारी रखना भी सत्य धर्म का हिस्सा है। व्यक्ति को अपने विचारों में सच्चाई, वाणी में मधुरता और कार्यों में ईमानदारी रखने का प्रयास करना चाहिए।

# गणेश अथाई में भक्ति संगीत-नृत्य प्रतियोगिता ने बांधा समां

**24 प्रतिभागियों ने दी शानदार प्रस्तुतियां**



**सिरोंज, देशबन्धु।** गणेश उत्सव के अवसर पर शुक्रवार रात गणेश अथाई में आयोजित भक्ति संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं और दर्शकों का मन मोह लिया।

प्रतियोगिता में शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से 24 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने भक्ति गीतों और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अद्विका भावसार ने प्रथम, चिंकी जोगी ने द्वितीय तथा कनिष्का श्रीवास्तव ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में कमला चौरसिया, नलिनी जैन एवं अंकिता शर्मा शामिल रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष कृष्ण बिहारी पाण्डेय ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष मनमोहन साहू उपस्थित रहे। समिति अध्यक्ष कृष्ण बिहारी पाण्डेय ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी प्रतिभागी और अधिक मेहनत करें, क्योंकि मेहनत करने वालों को सफलता निश्चित रूप से मिलती है। भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र सिंह दांगी ने कहा कि गणेश अथाई के आयोजन को भव्यता और दिव्यता प्रदान करने का श्रेय पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा को जाता है।

इस अवसर पर शिवकुमार मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन सतीश श्रीवास्तव ने किया, जबकि आभार सरसिज शर्मा ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में योगेंद्र सोनी, सर्वेश शर्मा, नितिन शर्मा, लेखराज धाकड़, मनोज सेन, अनुज प्रजापति, संजू सेन सहित समिति के पदाधिकारी, प्रतिभागी, उनके परिजन एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन



**सिरोंज, देशबन्धु।** अखिल विश्व गायत्री परिवार सिरोंज द्वारा पालीवाल गार्डन में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम का रविवार को पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। विश्व शांति एवं जनकल्याण की कामना को लेकर यजमानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ कुंड में आहुतियां दीं। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया। सिरोंज में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा पहली बार पंच कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसे सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। प्रमिला दीदी एवं कपूर दीदी ने वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ में समाज में समानता और समरसता का भाव भी देखने को मिला। कार्यक्रम में कुरवाई से जिला समन्वयक मुकेश तिवारी, विदिशा से आई ट्रस्टी दीदियां, यजमानगण सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। गायत्री परिवार द्वारा विदिशा जिले की सभी तहसीलों में संगठन के विस्तार के साथ विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## दशलक्षण पर्व के पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म की पूजा, श्रद्धा से गूंजा टोरी मंदिर



**सिरोंज, देशबन्धु।** श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर टोरी में चल रहे दस दिवसीय दशलक्षण महापर्व के अंतर्गत पांचवें दिन आज उत्तम सत्य धर्म का पर्व बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गया। प्रातःकाल भगवान पार्श्वनाथ का मंगल अभिषेक, शांतिधारा एवं नित्य नियम पूजा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अभिषेक का सौभाग्य जैन परिवारों ने प्राप्त किया। तत्पश्चात उत्तम सत्य धर्म मंडल विधान की पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के पुजारी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'सांच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप। जिसके हृदय में सच्चाई है, उसी के हृदय में भगवान वास करते हैं। सत्य वही है जो हितकारी, प्रिय और किसी जीव को दुःख न पहुंचाने वाला हो।' इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, महिला मंडल एवं युवा मंडल ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लिया। अंत में सभी ने जीवन भर सत्य, प्रिय और हितकारी वाणी बोलने का संकल्प लिया।

**आपसी सहमति से 17 साल पुराने कब्जा विवाद का निराकरण**

# तहसीलदार की समझाइश के बाद कब्जाधारी ने छोड़ी जमीन



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** तहसील क्षेत्र में करीब 17 साल से चले आ रहे भूमि कब्जा विवाद का राजस्व अधिकारियों की पहल और दोनों पक्षों की आपसी सहमति से निराकरण कर दिया गया। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के आदेश एवं एसडीएम अनुभा जैन के निर्देश पर राजस्व अमले ने कार्रवाई करते हुए भूमि की मूल आवेदिका शांति बाई धानक को दोबारा मौके पर कब्जा दिलाया। जानकारी के अनुसार तहसील बासौदा अंतर्गत खसरा नंबर 465 की कुल 0.575 हेक्टेयर भूमि आवेदिका शांति बाई, पति स्वर्गीय अमरा धानक के नाम दर्ज है। इस भूमि पर वर्ष 2008 से माखन लोधी द्वारा खेती की जा रही थी। बताया गया कि वर्ष 2008 में माखन लोधी ने एक लाख रुपए के बदले आवेदिका के पति स्वर्गीय अमरा से 50 रुपए के स्टाम्प पर 20 वर्ष के सिकमी अनुबंध का उल्लेख करते हुए दस्तावेज तैयार कराया था।

मामले में तहसीलदार बासौदा अतुल श्रीवास्तव ने आवेदिका शांति बाई एवं भूमि पर काबिज माखन लोधी को तहसील कार्यालय में बुलाकर दोनों पक्षों के दस्तावेजों का अवलोकन किया और उनकी सुनवाई की। तहसीलदार ने दोनों पक्षों को अनुबंध में पाई गई त्रुटियों तथा उसके विधिसंगत नहीं होने के संबंध में जानकारी देते हुए समझाइश दी। समझाइश के बाद कब्जाधारी माखन लोधी ने स्वयं भूमि से कब्जा छोड़ने पर सहमति जताई। इसके बाद दोनों पक्षों की लिखित सहमति ली गई। सहमति के आधार पर शनिवार 19 सितंबर 2026 को राजस्व निरीक्षक सौरभ प्रजापति एवं हल्का पटवारी प्रदीप साहू ने मौके पर पहुंचकर शांति बाई धानक, बेवा स्व. अमरा धानक को भूमि पर कब्जा दिलाया। राजस्व अमले की इस कार्रवाई के साथ ही करीब 17 साल से चले आ रहे भूमि संबंधी विवाद का आपसी सहमति से निराकरण हो गया।

## राधाष्टमी पर गणेश झांकी में लगा छप्पन भोग



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** गणेश उत्सव के दौरान नगर में जगह-जगह धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 7 में लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास पंकज तिवारी वाली गली में सजाई गई भगवान गणेश की झांकी में रविवार को राधाष्टमी के अवसर पर विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान गणेश को छप्पन भोग अर्पित किया गया। झांकी स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। विधि-विधान से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भगवान को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से सजे छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया गया। छप्पन भोग में विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल एवं अन्य पकवान शामिल किए गए। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। राधाष्टमी के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में क्षेत्र के महिला-पुरुष एवं बच्चों ने भी उत्साह के साथ सहभागिता की। झांकी स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय नजर आया। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं को छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया। गणेश उत्सव के चलते वार्ड में प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शाम के समय बड़ी संख्या में श्रद्धालु झांकी स्थल पर पहुंचकर भगवान गणेश के दर्शन कर रहे हैं। राधाष्टमी पर छप्पन भोग आयोजन के दौरान भी देर शाम तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही और क्षेत्र में भक्ति एवं उत्साह का माहौल रहा।

## विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस का समापन कार्यक्रम संपन्न



**सिरोंज, देशबन्धु।** विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला का समापन समारोह रविवार को सिरोंज स्थित संस्कार गार्डन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत गौरक्षा प्रमुख नीलेश अग्रवाल रहे। वहीं विभाग सह मंत्री चन्द्रभान सिंह बघेल, समरसता प्रमुख राकेश सक्सेना, जिला अध्यक्ष मुकेश सेन, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक शर्मा, जिला मंत्री रविंद्र ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी मंचासीन रहे। वक्ताओं ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना, उसके उद्देश्यों तथा हिंदू समाज को संगठित करने के लिए किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज में एकता, संस्कार और धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। समापन अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन की गतिविधियों को आगे बढ़ाने तथा समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जगदीश शाक्य, तुलसी नारायण, अनिल, प्रदीप राठौर, बसंती लाल कुशवाहा, अविनाश अग्रवाल, ज्ञान सिंह, अशोक, रोहित यादव सहित बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की बहनों ने भी बड़ी संख्या में सहभागिता की।

## इंदौर के छात्रों की गूंज कार्यक्रम का हुआ प्रसारण



**सिरोंज, देशबन्धु।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवपुर-सिरोंज द्वारा इंदौर में आयोजित राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण शनिवार को छतरी नाके पर किया गया। कार्यक्रम को सुनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एवं छात्र उपस्थित रहे। लाइव प्रसारण के दौरान युवाओं में कार्यक्रम को लेकर उत्साह नजर आया। इस अवसर पर देवपुर ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन राजपूत, सिरोंज ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश यादव, अवध शर्मा, कमल सिंह यादव, सादिक कुरैशी, चंद्रशेखर तिवारी, नरेंद्र तरण, लालू वकील राजपूत सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गायत्री मंत्रों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने दी लोकमंगल की आहुतियां



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** गायत्री परिवार द्वारा अखंड ज्योति के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे देश में आयोजित हो रहे महायज्ञ की श्रृंखला में जवाहर रोड पर आयोजित पंच कुंडीय यज्ञ में गायत्री मंत्रों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने यज्ञकुंड में लोकमंगल, विश्व कल्याण और परिवार की सुख-शांति की कामना के साथ आहुतियां अर्पित कीं। इस अवसर पर ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि की जन्म जयंती भी श्रद्धापूर्वक मनाई गई। मालूम हो कि गायत्री परिवार द्वारा वर्ष 2026 को माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी और अखंड ज्योति के शताब्दी वर्ष के रूप में विशेष रूप से मनाया जा रहा है। देश भर में इस अवसर पर आध्यात्मिक साधना के साथ विभिन्न रचनात्मक एवं सामाजिक अभियानों को गति दी जा रही है। गायत्री यज्ञ, सामूहिक साधना, ज्योति कलश यात्राएं, परिवार प्रबोधन, संस्कार निर्माण, व्यसनमुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरण जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से गायत्री परिवार इस अभियान को जन-जन तक पहुंचा रहा है। जवाहर रोड स्थित संदीप तिवारी के निवास पर आयोजित गायत्री महायज्ञ में गायत्री परिवार से जुड़े साधकों ने लोक मंगल की कामना से आहुतियां छोडी। आयोजन में माता भगवती देवी शर्मा के तप, त्याग और सेवा के आदर्शों को स्मरण करते हुए उनके विचारों को जीवन में उतारने का आह्वान किया गया। वहीं पूज्य गुरुदेव ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि के आध्यात्मिक योगदान को नमन किया गया। महायज्ञ का समापन सामूहिक प्रार्थना और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। कार्यक्रम में मूडरीधाम के महंत परशुराम दास जी महाराज भी विशेष रूप से सम्मिलित हुए।

## जंप ब्लॉक इकाई की बैठक सम्पन्न, पांच नए पत्रकार संगठन से जुड़े



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश (जंप), नेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया (एनएफजेआई) की गंजबासौदा ब्लॉक इकाई की बैठक स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की एकजुटता, विस्तार और पत्रकार हितों से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अभिनय श्रीवास्तव ने की। बैठक को संबोधित करते हुए अभिनय श्रीवास्तव ने कहा कि प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अरुण सक्सेना के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जंप पत्रकारों के मान-सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार कार्य कर रहा है। पत्रकारों के सामने किसी भी प्रकार की विपरीत परिस्थिति आने पर संगठन एकजुट होकर उनके साथ खड़ा रहेगा। बैठक में ब्लॉक इकाई को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए सदस्यता अभियान को गति देने का निर्णय लिया गया। इसी क्रम में पत्रकार चंद्रमोहन माली, पुखराज विश्वकर्मा, मनीष दांगी, अशोक शर्मा एवं प्रदीप मैथिल को नवीन सदस्यता देकर संगठन में शामिल किया गया। इसके अलावा ब्लॉक स्तर पर पत्रकार हितों से संबंधित संगोष्ठी, सम्मान समारोह एवं जनहित के रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करने पर भी सहमति बनी। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष अभिनय श्रीवास्तव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन नरेंद्र नामदेव ने किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र नामदेव, अमित श्रीवास्तव, सुरेंद्र पस्तोर, गिरधर साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश कुमार तनवानी, उपाध्यक्ष गजेंद्र औदिच्य, सचिव हेमराज गुर्जर, संयुक्त सचिव नारायण औदिच्य, डालचंद पाल, कोषाध्यक्ष विजय अरोरा, संजय शर्मा, हरिशंकर प्रजापति, केशव केवट, प्रदीप खटवानी, सुंदर सिंह जाट, हरिओम पाल सहित पत्रकारगण मौजूद रहे।

# चंद घंटों में नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा, आरोपी गिरफ्तार




**विदिशा, देशबन्धु।** थाना कुरवाई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुम हुई नाबालिग बालिका को चंद घंटों में सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

फरियादी द्वारा 17 सितंबर को थाना कुरवाई में सूचना दी गई कि उसकी नाबालिग पुत्री बिना बताए घर से चली गई है। मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए थाना कुरवाई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। नाबालिग बालिका की शीघ्र तलाश के लिए थाना प्रभारी कुरवाई द्वारा विशेष पुलिस टीम गठित की गई। टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से लगातार पतारसी करते हुए चंद घंटों के भीतर बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया एवं काउंसलिंग के उपरांत बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। बालिका के दस्तयाब होने के बाद लिए गए कथनों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 64 (2)(एन), 87 बीएनएस एवं पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। प्रकरण के आरोपी घनश्याम पिता वीरसिंह आदिवासी, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम बिलौदा, थाना कुरवाई की तलाश कर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय कुरवाई के समक्ष पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेशानुसार उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। उक्त त्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक आर.के. मिश्रा के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक शिवशंकर यादव, आरक्षक उवेश खान, आरक्षक सौरभ एवं महिला आरक्षक रूपाली की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

**जिन प्रतिष्ठानों में एक हजार से कम कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां 7 तारीख से पूर्व किया जाना सुनिश्चित करना होगा**

# श्रम विभाग ने दिए निर्देश-समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करें

**विदिशा, देशबन्धु।** जिले के समस्त शासकीय जिला कार्यालयों एवं विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों को निर्धारित समय-सीमा में वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के संबंध में श्रम विभाग द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। श्रम विभाग ने सभी संबंधित कार्यालयों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों से वेतन भुगतान संबंधी निर्धारित प्रावधानों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

निर्देशों के अनुसार, जिन प्रतिष्ठानों में 1,000 से कम कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां प्रत्येक माह के वेतन का भुगतान अगले माह की 7 तारीख से पूर्व किया जाना सुनिश्चित करना होगा। इसी प्रकार, जिन प्रतिष्ठानों में 1,000 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां संबंधित माह के वेतन का भुगतान अगले माह की 10 तारीख से पूर्व किया जाना आवश्यक है। श्रम विभाग द्वारा संबंधित कार्यालयों एवं औद्योगिक संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने यहां कार्यरत कर्मचारियों एवं श्रमिकों के वेतन भुगतान की प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें। वेतन भुगतान में अनावश्यक विलंब न हो, इसके लिए संबंधित नियोक्ताओं एवं प्रतिष्ठान प्रबंधन को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

जिला श्रम पदाधिकारी सुश्री अंकिता राय ने बताया कि कर्मचारियों एवं श्रमिकों को समय पर वेतन प्राप्त होना उनके आर्थिक हितों एवं कल्याण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी संबंधित प्रतिष्ठानों द्वारा वेतन भुगतान के निर्धारित प्रावधानों एवं समय-सीमा का पालन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि निर्धारित प्रावधानों का पालन नहीं करने अथवा वेतन भुगतान में अनावश्यक विलंब करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। श्रम विभाग द्वारा संबंधित संस्थानों से कर्मचारियों एवं श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए समय पर वेतन भुगतान सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया है।

## मुख्यमंत्री स्कूटी योजना से नैंसी के सपनों को मिली नई उड़ान

**विदिशा, देशबन्धु।** विदिशा जिले के ग्राम नरखेड़ा खड़ैया की होनहार छात्रा सुश्री नैंसी रघुवंशी ने अपनी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट प्रदर्शन से परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जोहद में अध्ययनरत नैंसी ने कक्षा 12वीं के कला संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

नैंसी की इस उपलब्धि को प्रोत्साहित करने के लिए मध्यप्रदेश शासन की मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के अंतर्गत उन्हें स्कूटी क्रय करने के लिए 1 लाख 20 हजार रुपये की राशि उनके बैंक खाते में प्रदाय की गई है। योजना का लाभ मिलने से नैंसी को अपनी आगे की पढ़ाई के लिए आवागमन में सुविधा मिलेगी और शैक्षणिक गतिविधियों में भी सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री स्कूटी योजना का लाभ मिलने पर सुश्री नैंसी रघुवंशी ने मध्यप्रदेश शासन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि शासन की यह योजना विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने के साथ उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। नैंसी ने कहा कि शासन से मिला यह प्रोत्साहन उनके लिए आगे बढ़ने की प्रेरणा है। उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी मेहनत और लगन के साथ अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करती है।

# प्रभात पट्टन बस स्टैंड पर सफाई, के साथ डिवाइडरों की पुताई




देशबन्धु
सैय्यद हमीद अली 6.सि
बीच सड़क पर आवारा पशुओं का डेरा, किसी बड़े हादसे का
प्रभात पट्टन के बस स्टैंड पर भारी से हर तबका परेशान, एनएचएआई वि

**मुलताई, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र मुलताई के ब्लॉक प्रभात पट्टन के बस स्टैंड पर, विभागीय कर्मचारियों द्वारा साफ सफाई कर डिवाइडरों की पुताई का कार्य चालू है। गौरतलब है कि, देशबंधु समाचार पत्र ने 'प्रभात पट्टन के बस स्टेशन पर भारी अव्यवस्था, एन.एच. ए.आई.विभाग मौन' शीर्षक से गत 6 सितंबर 2026 को खबर प्रकाशित की थी, जिसका परिणाम यह रहा कि,बस स्टैंड पर साफ सफाई और सड़क विभाजित करते डिवाइडरों की पुताई का कार्य प्रारंभ है, जिससे वहां के निवासियों ने हर्ष व्यक्त कर देशबंधु का धन्यवाद व्यक्त किया।

# बेकाबू ट्रक ने कई बाइकों को मारी टक्कर, चालक गिरफ्तार

**मुलताई, देशबन्धु।** अमरावती रोड पर सुबह तेज रफ्तार से ट्रक अनियंत्रित होकर कई मोटरसाइकिल से टकरा गया। ट्रक को अपनी ओर आता देख सड़क पर मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। कई लोगों ने चाय की दुकान में भाग कर अपनी जान बचाई। हादसे में एक बाइक ट्रक के नीचे फस गई, जबकि कुछ अन्य वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। फिलहाल किसी के घायल होने की जानकारी नहीं है। प्रत्यक्षदर्शी नितिन बढ़िये ने बताया कि ट्रक अमरावती रोड की ओर से तेज रफ्तार से आ रहा था, अचानक चालक ने नियंत्रण खो दिया। ट्रक को बेकाबू होकर अपनी ओर आता देख, सड़क पर मौजूद लोग घबरा गए और इधर-उधर भागने लगे। कई लोग पास की चाय की दुकान में जाकर छुप गए। अनियंत्रित ट्रक ने सड़क पर खड़ी और चल रही कई मोटरसाइकिलों को टक्कर मारी। एक बाइक ट्रक के नीचे फंस गई थी जिसे ट्रक कुछ दूर घसीटता हुआ ले गया। जिसके




बाद ट्रक एक मकान के पास जाकर रुक गया। अन्य कुछ वाहन भी हादसे में क्षतिग्रस्त हुए।

स्थानीय लोगों के मुताबिक ट्रक चालक आमला निवासी राजू धोते हैं। लोगों ने चालक के शराब के नशे में होने का आरोप लगाया। हालांकि चालक ने शराब पी थी या नहीं, इसकी पुष्टि पुलिस जांच के बाद मेडिकल टेस्ट रिपोर्ट बाद ही होगी। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और ट्रक चालक को पकड़ लिया। पुलिस की मौजूदगी में ट्रक के नीचे फंसी मोटरसाइकिल को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच

# सेवा संकल्प अभियान के तहत बच्चों ने उकेरे चित्र

**मुलताई, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र एंव नगर क़े शासकीय एवं निजी स्कूलों में सेवा संकल्प अभियान के तहत चित्र बनाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य
भाजपा मीडिया प्रभारी रामचरण मालवीय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जिसमें शनिवार को सेवा चित्र कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मक के रंगों से कैनवास पर समाज एवं राष्ट्र क़े प्रति अपनी जिम्मेदारी निर्वाह का प्रभावी संदेश चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत कियाद्य जिसमें जल संरक्षण, नशा मुक्ति का संकल्प, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत एवं शिक्षा जैसे विषयों पर सुंदरता के साथ चित्रकारी की गई द्य सेवा चित्र कार्यक्रम के दौरान छात्र - छात्राओं द्वारा पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया द्य प्रभात पट्टन अंतर्गत क्षेत्र क़े विधायक चंद्रशेखर देशमुख, प्रभात पट्टन मंडल अध्यक्ष सतीश धाकड़, नितेश काले, राय आमला ग्राम पंचायत सरपंच सुमन



डांगे सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी ने ग्राम पंचायत रायआमला बघोडा बिरूल बाजार सेवा संकल्प अभियान-2026 के तहत 'विकसित भारत की संकल्पना' विषय पर आयोजित चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम में सहभागिता कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विधायक देशमुख द्वाराछात्र-छात्राओं से संवाद कर 2047 कि विकसित भारत को लेकर उनकी कल्पनाओं, विचारों तथा सपनों को जाना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने विद्यार्थियों को सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों तथा विकसित भारत की व्यापक अवधारणा से अवगत कराया। साथ ही प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा-यात्रा में राष्ट्र के विकास, जनभागीदारी तथा आत्मनिर्भरता का संकल्प निरंतर केंद्र में रहा है। विकसित भारत का लक्ष्य केवल सरकार का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का साझा संकल्प है, जिसमें हमारी युवा पीढ़ी की भूमिका सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है।

# अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने तावड़ी एवं गवासेन परिक्षेत्र का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए निर्देश



**बैतूल, देशबन्धु।** अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक मोहन मीणा (भा.व.से.) द्वारा पश्चिम बैतूल सामान्य वनमंडल के भ्रमण के दौरान विभिन्न वन क्षेत्रों एवं विभागीय कार्यों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने तावड़ी परिक्षेत्र में कक्ष क्रमांक क्क्त 1456 , रकबा 12 हेक्टेयर,कैंपा मिश्रित वृक्षारोपण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पौधों की वृद्धि दर और जीवितता प्रतिशत देख कर प्रसन्नता जाहिर की और अन्य वृक्षारोपण में भी इसी प्रकार की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वृक्षारोपण निरीक्षण के बाद कक्ष क्रमांक क्क्त 1236 रकबा 75 हेक्टेयर,कूप मार्किंग का निरीक्षण किया।
तावड़ी परिक्षेत्र के निरीक्षण के उपरांत अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक मोहन मीणा द्वारा परिक्षेत्र गवासेन में पश्चिम बैतूल सामान्य वनमंडल के अंतर्गत कार्यरत समस्त उप वनमंडल अधिकारियों एवं परिक्षेत्र अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में वनमंडल में संचालित विभिन्न विभागीय गतिविधियों, वन संरक्षण, वृक्षारोपण, वन प्रबंधन, मैदानी कार्यों की निगरानी तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों से उनके-अपने क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई तथा कार्यों में आने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों एवं उनके निराकरण के संबंध में भी चर्चा की गई।
मीणा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन संरक्षण एवं संवर्धन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाए तथा शासन एवं विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की समय-सीमा में पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मैदानी स्तर पर अधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति, नियमित निरीक्षण एवं अधीनस्थ अमले के कार्यों की सतत निगरानी पर विशेष जोर दिया। उन्होंने वृक्षारोपण कार्यों में गुणवत्ता एवं पौधों की जीवितता को प्राथमिकता देने, वन क्षेत्रों में नियमित गश्ती एवं निगरानी बढ़ाने तथा विभागीय कार्यों का प्रभावी पर्यवेक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में वन संपदा के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सक्रिय एवं उत्तरदायित्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपेक्षा की।

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

### खो-खो प्रतियोगिता में छह विकासखंडों के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**चिचोली, देशबन्धु।** सांदीपनि विद्यालय, नसीराबाद में दो दिवसीय जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता एवं खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के छह विकासखंडों घोड़ाडोंगरी, आठनेर, शाहपुर, भीमपुर, चिचोली सहित अन्य विकासखंडों के 14 एवं 17 वर्ष आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य दीपक



महाले द्वारा किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रोमांचक मुकाबलों में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विजेता टीम को आगामी संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। आयोजन को सफल बनाने में शरद सोनी, निर्मला अतुलकर, विजया गहलोत, पप्पू काकोड़िया, दिलीप लोखंडे, सुनील सोनी खाड़े, श्रीमती कोमल मालवीय एवं प्राची डांगी सहित खेल शिक्षकों एवं आयोजन समिति के सदस्यों का सहयोग रहा।

### 19 स्थानों पर जले हजारों दीपक, रोशनी से जगमगाया नगर



**चचोली, देशबन्धु।** नगरीय क्षेत्र के 19 सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों पर आशीर्वाद का दीया अभियान उत्साह और जन-सहभागिता के साथ संचालित किया गया। हजारों दीपकों की रोशनी से पूरा चिचोली नगर जगमगा उठा। इस आयोजन के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी जी.आर. देशमुख ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुसार गठित दल द्वारा निर्धारित समय पर दीप प्रज्वलित कर अभियान का क्रियान्वयन किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. वर्षा मालवीय, उपाध्यक्ष श्रीमती वर्षा संजय आवलेकर, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह कुशवाहा, और पार्षद आशुतोष बाली मालवीय सहित अनेक गणमान्य नागरिकों व जन प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### श्मशान घाट परिसर में बनेगा माता भगवती देवी स्मृति उपवन

**आमला, देशबन्धु।** माता भगवती देवी की जन्म जयंती शताब्दी समारोह के तहत रविवार को ग्राम जमबाड़ी-सेमरिया के श्मशान घाट परिसर में पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत, गायत्री परिवार और ग्रामीणों ने यहां माता भगवती देवी स्मृति उपवन विकसित करने का संकल्प लिया। अभियान के दौरान पीपल, बरगद और नीम सहित करीब 21 पौधे लगाए गए। ग्राम सेमरिया की सरपंच रेखा संजू यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत और ग्रामीणों के सहयोग से उपवन को एक वर्ष में विकसित कर सेवा, साधना और पर्यावरण संरक्षण का केंद्र बनाया जाएगा। गायत्री परिवार के वरिष्ठ रमेश कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि श्मशान घाट के समीप विकसित होने वाला यह उपवन जीवन की नश्वरता और प्रकृति संरक्षण का संदेश देगा।

# तहसील न्यायालय में फाइल फाड़ने के मामले में पूर्व सैनिक दोषमुक्त

**आमला, देशबन्धु।** तहसील न्यायालय में 25 मार्च 2022 को न्यायालयीन कार्यवाही के दौरान पूर्व सैनिक संजू यादव द्वारा तहसीलदार को कथित रूप से धमकी देने, फाइल उठाकर फाड़ने तथा न्यायालयीन कार्य में बाधा डालने के आरोप में आमला पुलिस ने धारा 294, 353, 332 एवं 506 भाग-2 के तहत प्रकरण दर्ज किया था। अभियोजन के अनुसार घटना के समय तहसील कर्मचारी, पुलिसकर्मी एवं अधिवक्ता मौजूद थे।
मामले की पृष्ठभूमि में संजू यादव द्वारा अपने ग्राम में कथित अवैध अतिक्रमण को लेकर की जा रही शिकायतें थीं। वह इस संबंध में तहसीलदार आमला से लगातार अनुरोध कर न्याय की गुहार लगा रहा था। प्रकरण की सुनवाई में अभियोजन की ओर से आठ गवाहों के बयान तथा दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत कर उन्हें प्रमाणित कराया गया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता राजेंद्र उपाध्याय ने अभियोजन साक्ष्य में मौजूद विरोधाभासों और कमियों की ओर न्यायालय का ध्यान आकर्षित किया। तहसीलदार ने अपने बयान में स्वीकार किया कि उनके साथ कोई मारपीट नहीं हुई। जबकि लिखित रिपोर्ट में अधीनस्थ कर्मचारी के साथ मारपीट का उल्लेख था, संबंधित कर्मचारी ने न्यायालय में न तो मारपीट का समर्थन किया और न घटना के समय अपनी मौजूदगी की पुष्टि की। अन्य कथित चश्मदीद गवाहों ने भी घटना का समर्थन नहीं किया। विवेचक हेमंत कुमार पांडे से पूछताछ में भी बचाव पक्ष द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर संतोषजनक स्पष्टीकरण सामने नहीं आया। बचाव पक्ष ने यह भी कहा कि संजू यादव अपने साथ हुए कथित दुर्व्यवहार के संबंध में अपनी बात रख रहा था और उसने घटना का वीडियो मोबाइल में बनाया था। उसकी ओर से की गई शिकायतों को भी न्यायालय में प्रस्तुत कर प्रमाणित कराया गया।
न्यायालय ने तहसीलदार, अन्य अभियोजन साक्षियों तथा विवेचक के बयानों और प्रस्तुत दस्तावेजों का परीक्षण करने के बाद निष्कर्ष निकाला कि अभियोजन आरोपी के विरुद्ध लगाए गए आरोपों को संदेह से परे प्रमाणित नहीं कर सका। आपराधिक प्रकरण में अभियोजन द्वारा आरोप सिद्ध न किए जा सकने के कारण न्यायालय ने संजू यादव को आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

# गौ वंश तस्करी करने वालो के विरूध्द टिमरनी पुलिस ने की कार्रवाई

**हरदा, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक शशांक के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित मिश्रा एवं एसडीओपी टिमरनी आकांक्षा तलया के निर्देशन में थाना टिमरनी व्दारा गौ वंश तस्करी करने वालो के विरूध्द कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई की सिवनी मालवा की ओर से एक सफेद रंग की पिकअप वाहन जिसमे ऊपर व पीछे प्लास्टिक की खाली कैरेट लगी हुई है व बीच मे ठुँस ठुँस कर गाय बछडे भरे हुए है जो कटने के लिए महाराष्ट्र लेकर जा रही है। सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम छिदगाँव मेल बस स्टैण्ड चौराहा पर पहुची। रोड के बीच मे शासकीय वाहन को खडा कर के सिवनी मालवा की ओर से आने वाले वाहनो के चेक किया। इसी दौरान सफेद रंग की पिकअप काफी तेजी से आयी और बीच रोड पर खडे शासकीय वाहन के साईड से निकालकर टेमागाँव की ओर भगा ले गया। जिसका पीछा किया तो उक्त वाहन को टेमागाँव के आगे रोड पर छोड कर उसका चालक भाग गया। जिसकी तलाश की गई ापिकअप मे जाली लगाकर पीछे व ऊपर प्लास्टिक की कैरेट रखी हुई थी बीच मे 7 गाय व 4 बछडे पैर व मुँह बंधे हुए क्रुरता पूर्वक भरे हुए थे। पिकअप वाहन के चालक का जुर्म म.प्र.गोवंश प्रतिषेध, पशु क्रुरता अधिनियम के अंतर्गत पाया जाने थाना टिमरनी में .गोवंश प्रतिषेध अधिनियम पशु क्रुरता अधिनियम का कायम कर विवेचना में लिया गया।

### ग्राम लिखडी में फर्जीवाड़े का खुलासा

# निजी मकान होने के बावजूद एक व्यक्ति के नाम जारी हुए तीन आवासीय पट्टे

**आमला,देशबन्धु।** तहसील अंतर्गत ग्राम लिखडी में प्रशासनिक नियमों को ताक पर रखकर अवैध रूप से आवासीय पट्टे आवंटित किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने अपनी निजी भूमि पर पक्का मकान होने के बावजूद राजस्व अधिकारियों को गुमराह कर और धोखाधड़ी से तीन-तीन अलग-अलग आवासीय पट्टे अपने नाम जारी करवा लिए हैं। इस फर्जीवाड़े और आम रास्ता बंद किए जाने के खिलाफ लिखडी निवासी सत्येन्द्र सिंह ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) आमला के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कराई है।
जनसुनवाई में सौंपे गए आवेदन के अनुसार लिखडी निवासी सीताराम राजपूत के पास ग्राम लिखडी में पहले से ही निजी स्वामित्व की भूमि पर आवासीय मकान बना हुआ है, जिसमें वह अपने परिवार के साथ निवासरत है। इसके बावजूद उसने अधिकारियों को गुमराह कर मौजा लिखडी में अपने नाम तीन अलग-अलग भूखंडों के आवासीय पट्टे जारी करवा लिए। इन आवंटित पट्टों में खसरा नंबर 214(बी) का प्लाट नंबर 40 (रकबा 111 वर्गमीटर), प्लाट नंबर 41 (रकबा 22 वर्गमीटर) तथा प्लाट नंबर 45 (रकबा 69 वर्गमीटर) की आवासीय भूमि शामिल है। शिकायतकर्ता सत्येन्द्र सिंह ने सरकारी नियमों का उल्लेख करते हुए बताया कि यदि किसी भूमि स्वामी के पास आवास हेतु भूमि पहले से उपलब्ध हो, तो उसे नया आवासीय पट्टा जारी नहीं किया जा सकता, और न ही एक व्यक्ति के नाम पर एक से अधिक आवासीय पट्टे दिए जा सकते हैं। इसके अलावा, जिस भूमि पर ये पट्टे जारी किए गए हैं, वह आवेदक एवं आम ग्रामीणों के आवागमन का मुख्य सार्वजनिक रास्ता है। आरोप है कि सीताराम इन्हीं फर्जी पट्टों के आधार पर रास्ते को रोक रहा है, जिससे ग्रामीणों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विगत 15 मार्च को आमला में आयोजित जनसुनवाई में शिकायत की गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की गई है कि वे मौका स्थल की निष्पक्ष जांच करें तथा सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए सीताराम के नाम जारी इन तीनों अवैध पट्टों को तत्काल निरस्त करने की कार्रवाई करें।

# भैंसदेही में एलईडी स्क्रीन पर देखा राहुल गांधी का संबोधन





**भैंसदेही, देशबन्धु।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के इंदौर में हुए 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का शनिवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंकज रानू ठाकुर एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मोहरे के नेतृत्व मे भैंसदेही में भी सीधा लाइव प्रसारण किया गया। भैंसदेही बस स्टैंड पर लगी बड़ी स्क्वष्ठ स्क्रीन पर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं और छात्रों ने राहुल गांधी का संबोधन देखा।
ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पंकज रानू ठाकुर ने बताया कि इंदौर के कार्यक्रम में राहुल गांधी ने छात्रों और युवाओं से बातचीत की। उन्होंने शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं और पेपर लीक जैसे युवाओं से जुड़े कई मुद्दों पर बात की। महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों का मुद्दा भी खास तौर पर उठाया गया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मोहरे ने कहा कि छात्रों और युवाओं से जुड़े सवालों को सबके सामने उठाना जरूरी है और 'छात्रों की गूंज' के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी बात रखने का मौका मिला है। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच युवाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष विनयशंकर पाठक,वरिष्ठ कांग्रेस नेता नारायण घाणेकर,रमेश सिंह ठाकुर,धर्मेन्द्र मालवीय,अमरावती जिला युवा कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष राहुल येवले, युवा कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष राहुल छत्रपाल,मंडलम अध्यक्ष मोहित राठौर,आशुतोष झड़बड़े,युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष महेश थोटेकर, ब्लॉक अध्यक्ष मयूर बारस्कर, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष निखिल सोनी, ब्लॉक अध्यक्ष देवेश आठवेकर, राजा आर्य, अफरोज भाई, दिलिप चौहान, सुखदेव घाणेकर, रघुनाथ मगरदे, अलकेश चौहान, रफीक खान, विजय भुसकुटे,अहमद खान,शुभाष मोहरे,आरिफ खान, राज धाड़से,अस्पाक काबरा, अनुराग मिरासे, अशोक उइके, निखिल देशमुख, शोयेब विंध्यानी, गजानन आठवेंकर, अमित सोनारे, शोयेब पठान,गजानन असवार, उमेश अड़लक, प्रिंस ठाकुर, पंकज जैन, बबला मेनन, शहबाज वंजारा, हनुमान धोटे, विकास तायवड़े, सोनू खान, चिंटू पठान सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं छात्र युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# आमला में भी छात्रों की गूंज कार्यक्रम का हुआ प्रसारण

**आमला, देशबन्धु।** इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूंज 'कार्यक्रम का लाइव प्रसारण ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष अजय सोलंकी के नेतृत्व में शहर कांग्रेस,युवा कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा माथनकर लॉन बोडखी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं सहित युवा कांग्रेस नेता-कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहकर इंदौर में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा।
इस अवसर पर उपस्थित युवाओं ने छात्र हितों,शिक्षा से जुड़े मुद्दों तथा युवाओं की आवाज को प्रमुखता से उठाने वाले राहुल गांधी के कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक देखा और सुना। आमला ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी नीरज सोनी ने कहा कि युवाओं और छात्रों की आवाज को मजबूत मंच मिलना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्रों से जुड़े मुद्दों पर संवाद और उनकी समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने चाहिए। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस मीडिया प्रभारी हरिप्रसाद गोहे ने कहा जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा के मार्गदर्शन में कांग्रेस पदाधिकारियों





एवं कार्यकर्ताओं को 'छात्रों की गूंज' अभियान से जुड़कर युवाओं की भागीदारी बढ़ाने तथा छात्रहित में निरंतर कार्य करने का आह्वान किया।
कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्रों सहित युवा नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। इनमें प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष किशोर माथनकर, बोरदेही ब्लॉक अध्यक्ष महेश यादव,पार्षद एवं जिला युकां.महासचिव खुश्बू अतुलकर, पार्षद अल्का मानकर, पार्षद अमित हुरमाड़े, पूर्व पार्षद रेखा कनोजिया, महासचिव रेखा बारखे, किरण जैसवाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश दामले, पूर्व पार्षद विजय अतुलकर, जिला कांग्रेस प्रवक्ता विजय पारदी, बिल्लू यादव, पूर्व पार्षद ऋषि खातरकर, हेमंत मुन्नू देशमुख, अकरम खान, अशोक हाथिया, दिलीप ढोमने, विजय बछले, दीपक बेले,ओमप्रकाश शेषकर,जीतेश वाईकर,आशू बर्डे, राकेश सोने,विजय सोलंकी, मुकुल बामने, शिखर मालवीय,भूपेंद्र बेले,गोल्डी ठाकुर,सुजल यादव,कमलेश मकोड़े, सहित अन्य युवा साथी उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### एशियन गेम्स में भारत की बेटियों ने रचा कीर्तिमान: डॉ. यादव

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि एशियन गेम्स-2026 में भारत की बेटियों ने कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक्स पर एशियन गेम्स में 10 मीटर एयर राइफल वूमेन्स टीम के फाइनल इवेंट में रजत पदक जीतने पर एलावेनिल वलारिवन, सोनम उत्तम मस्कर एवं विदरसा के. विनोद को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी की यह उपलब्धि युवाओं को प्रेरित करने के साथ ही देश के करोड़ों खेल प्रेमियों को उत्साह से भर देने वाली है।

### उद्यानिकी मूल्य श्रृंखलाओं को सशक्त बनाने के लिए नीति संवाद आज

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग द्वारा उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग के सहयोग से सोमवार, 21 सितम्बर को भोपाल में मध्यप्रदेश में उद्यानिकी मूल्य श्रृंखलाओं का सुदृढ़ीकरण विषय पर नीति संवाद आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम प्रात: 10 बजे से एमपीटी होटल पलाश रेसीडेंसी के प्रथम तल स्थित विमर्श हॉल में होगा। इसमें नीति-निर्माताओं, विषय-विशेषज्ञों, वित्तीय संस्थाओं, उद्योग प्रतिनिधियों, कृषक उत्पादक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा उद्यानिकी क्षेत्र के समग्र विकास पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य नीति आयोग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी स्वागत उद्बोधन देंगे। योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सचिव श्रीमन शुक्ला प्रारंभिक उद्बोधन देंगे।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर प्रदेशभर में होंगे आयोजन

**भोपाल, देशबन्धु।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायन सिंह कुशवाह ने एक अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस प्रदेशभर में गरिमा और सम्मान के साथ मनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वृद्धजनों ने अपने ज्ञान, अनुभव और परिश्रम से परिवार, समाज तथा राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके सम्मान, सुरक्षा, स्वास्थ्य और गरिमापूर्ण जीवन के लिए संवेदनशील एवं सहयोगात्मक वातावरण तैयार करना हम सभी का दायित्व है। मंत्री श्री कुशवाह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के कार्यक्रम केवल औपचारिक आयोजन बनकर न रह जाएं। इनमें वृद्धजनों की अधिकतम और सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उनके साथ संवाद किया जाए तथा उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं के निराकरण की दिशा में सार्थक पहल की जाए।

मुख्यमंत्री ने की घोषणा : नीमच में एयरपोर्ट और सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम बनेगा

# साढ़े 3 लाख से अधिक शासकीय भर्तियां की जाएंगी

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नीमच में शीघ्र ही एयरपोर्ट बनाया जायेगा। साथ ही खेल सुविधाओं में विस्तार के लिये सर्वसुविधायुक्त स्टेडियम बनाया जायेगा। प्रदेश में पिछले ढाई वर्षों में एक लाख से अधिक भर्तियां की गई हैं। आगामी ढाई वर्षों में साढ़े 3 लाख से अधिक भर्तियां और की जायेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज नीमच के अग्रोहा भवन में आयोजित सेवा से संकल्प अभियान के अभिनंदन कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी और देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने में उनके योगदान का उल्लेख किया।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेश में सेवा से संकल्प अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत सभी जिलों में सेवा, जनभागीदारी और जनकल्याण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि संकल्प से ही शक्ति और विकास का मार्ग प्रशस्त होता है तथा प्रदेश सरकार इसी भावना के साथ निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नीमच के विकास, नागरिकों के जुझारूपन और उद्यमशीलता की सराहना की। डॉ. यादव ने सेवा से संकल्प अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। विधायक दिलीप सिंह परिहार, नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा एवं वंदन खंडेलवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने अभियान में सहभागी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों एवं विभिन्न संगठनों की सराहना की। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सज्जन सिंह चौहान, आयुक्त उज्जैन संभाग आशीष सिंह, पुलिस महानिरीक्षक राकेश गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सिंहस्थ 2028 : मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों का लिया जायजा

# रहवासियों से किया संवाद, बच्चों से हाथ मिलाकर बढ़ाया उत्साह

**उज्जैन/ भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को सिंहस्थ महापर्व के लिए उज्जैन शहर में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नीलगंगा से केटीएम गैल इंडिया चौराहा तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य तथा शांतिनगर से इंदौर रोड तक किए जा रहे नवीन मार्ग निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर सिंहस्थ की दृष्टि से महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।



भ्रमण के दौरान डॉ. यादव ने मार्ग में स्थानीय रहवासियों से संवाद किया। स्थानीय नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया और स्थानीय नागरिकों द्वारा शहर के विकास के लिए किए जा रहे सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर विकास कार्यों के लिए मकान और दुकानें प्रभावित हो रही हैं, वहां भी स्थानीय रहवासी फूलों से स्वागत कर रहे हैं। यह उज्जैन के नागरिकों के बड़े मन और विकास के प्रति उनकी सकारात्मक भावना को दर्शाता है। डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ महापर्व के दौरान करोड़ों श्रद्धालु उज्जैन आएंगे। उनकी सुविधाओं और व्यवस्थाओं की चिंता करना केवल सरकार की ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की जिम्मेदारी है। उज्जैन के सभी समाजों के नागरिक शहर के विकास और सिंहस्थ की तैयारियों में सहयोग कर रहे है। उन्होंने कहा कि जिस भाव और समर्पण के साथ नागरिक चौड़ीकरण एवं अन्य विकास कार्यों में सहयोग कर रहे है, वह सराहनीय है, उसके लिए सभी नागरिकों को बधाई।

# मुख्यमंत्री के नीमच पहुंचने से पहले कांग्रेस जिलाध्यक्ष को किया नजरबंद

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नीमच आगमन से पहले रविवार को जिले की राजनीतिक हलचल तेज हो गई। कार्यक्रम से पहले पुलिस ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती को उनके आवास पर नजरबंद कर दिया। उनके घर के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। पुलिस की कार्रवाई पर कांग्रेस ने कड़ा एतराज जताया है। बाहेती ने कहा कि विरोध प्रदर्शन एक लोकतांत्रिक अधिकार है। प्रदर्शन की आशंका के आधार पर नजरबंद जैसी कार्रवाई सरकार की तानाशाही का प्रतीक है।



जानकारी के मुताबिक, सुबह कैंट थाना प्रभारी सौरभ शर्मा पुलिस बल के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष के आवास पर पहुंचे। इसके बाद आवास के मुख्य द्वार पर पुलिसकर्मियों की तैनाती कर दी गई और बाहेती को घर से बाहर निकलने से रोक दिया गया। इस कार्रवाई के बाद शहर में राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गईं। बताया गया कि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन अथवा काले झंडे दिखाए जाने की आशंका के चलते एहतियातन यह कदम उठाया गया है। उल्लेखनीय है कि एक ओर गांधीसागर में मुख्यमंत्री द्वारा चीतों को छोड़े जाने का कार्यक्रम था।

### एआईएमआईएम के इकलौते पार्षद ने दिया इस्तीफा



**बुरहानपुर,,एजेंसी।** बुरहानपुर में पार्षद रफीक अहमद ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और प्रदेश प्रभारी सैयद मिनहाजउद्दीन को अपना इस्तीफा भेज दिया है। बुरहानपुर नगर निगम में एआईएमआईएम पार्टी के रफीक अहमद एकलौते पार्षद थे। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक पार्टी में जिम्मेदार लीडरशीप नहीं बची है. पार्टी में गरीब नेताओं को नजरअंदाज करके अमीरों को तवज्जो दी जाती है। इनके इस्तीफे पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहसिन अली खान ने पार्षद के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा, इस्तीफा देने वाले पार्षद का मेरे पास अधिकारिक रूप से इस्तीफा नहीं आया है। मैं इस्तीफा देने के कारणों का पता करता हूं, ताकि इस पर मंथन किया जा सके। प्रदेशाध्यक्ष मोहसिन शनिवार को बुरहानपुर के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने जिला संगठन में फेरबदल करते हुए डॉ. जीशान को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया. राजनितिक गलियारों में चर्चा है कि रफीक अहमद ने जिला अध्यक्ष नहीं बनाए जाने से नाराज होकर पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

इंदौर में कार्यक्रम के बाद कांग्रेस उत्साहित, पटवारी बोले -

# हर जिले में होगा छात्रों की गूंज कार्यक्रम

**इंदौर/भोपाल, देशबन्धु।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के शनिवार को हुए छात्रों की गूंज कार्यक्रम से कांग्रेस उत्साहित है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने घोषणा की है कि अब हर जिले में ये कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इंदौर में मीडिया से चर्चा करते हुए श्री पटवारी ने कहा कि छात्रों की गूंज कार्यक्रम से लाखों परिवार जुड़े, ये गूंज समाप्त नहीं होगी। अब जिलास्तर पर अभिभावक और छात्रों के बैनर तले ये कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा, छात्रों की समस्या को लेकर देश में एक नई बहस शुरू हुई है। शनिवार को जिस प्रकार का साथ युवा साथियों ने दिया, वह अकल्पनीय था. इसलिए अब सरकार और सरकार से जुड़े संगठनों को बहुत ताकत से छात्रों की गूंज सुनाई दे रही है। पटवारी ने कार्यक्रम में युवाओं की बड़ी भागीदारी का जिक्र करते हुए कहा कि इंदौर में इतिहास रचा गया है और छात्रों की समस्याओं को लेकर देश में एक नई बहस शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में युवाओं की मौजूदगी उनकी उम्मीद से भी ज्यादा रही। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में शामिल होकर युवाओं एवं छात्रों ने एक नया अध्याय लिख दिया है। भाजपा द्वारा इस आयोजन को झूठ की दुकान कहे जाने को लेकर पटवारी ने भाजपा से सवाल किया है, जो बच्चे सवाल उठा रहे हैं वह झूठे हैं या उनके परिजन झूठे हैं। भाजपा स्पष्ट करे कि नीट में जिन बच्चों ने जान दी वे झूठे थे या या फिर 50 प्रतिशत बच्चे झूठे हैं, जो अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पा रहे हैं और अपनी बात सार्वजनिक मंच पर उठा रहे हैं।



दयाशंकर मिश्र की पुस्तक अख़लाक़ पर परिचर्चा

# भीड़ हिंसा मानवता के लिए बड़ा ख़तरा : दिग्विजय

### वरिष्ठ पत्रकार मिश्र को मिला सम्मान

**भोपाल, देशबन्धु।** वरिष्ठ पत्रकार दयाशंकर मिश्र को भोपाल के गांधी भवन में बहुजन इंटलेक्ट सम्मान से अलंकृत किया गया। उन्हें यह सम्मान प्रदेश की सामाजिक संस्था बहुजन इंटलेक्ट द्वारा उनकी सद्य प्रकाशित पुस्तक अखलाक़ भारत में भीड़ हिंसा की विस्तृत ज़मीनी पड़ताल के लिए दिया गया।

इस अवसर पर किताब पर हुई परिचर्चा में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि दयाशंकर मिश्र हमारे समय के निर्भीक लेखक और पत्रकार हैं। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में पीड़ित परिवारों, आरोपियों और नीति नियंताओं से विषम परिस्थितियों में बातचीत कर यह दस्तावेजी महत्व की किताब प्रकाशित की है। सिंह ने भीड़ हिंसा को बड़ा खतरा बताते हुए कहा कि यह किताब देश के अल्पसंख्यक समाज को यह हौसला देती है कि भारत का संविधान और बहुसंख्यक समुदाय इस तरह की हिंसा के खिलाफ है और उनके साथ खड़ा है। इस पुस्तक में गुजरात, महाराष्ट्र, उड़ीसा, हरियाणा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में पिछले कुछ वर्ष में हुई भीड़ हिंसा की घटनाओं और उनके बाद के हालात की जमीनी पड़ताल की गई है। किताब अमेरिका में भीड़ हिंसा के इतिहास से शुरू होकर भारत के वर्तमान की तुलना करती है।




वरिष्ठ साहित्यकर डॉ विजय बहादुर सिंह ने अपने लिखित संदेश में कहा कि अहिंसा और अवैर सनातन धर्म का मूल लक्षण है। जो लोग धर्म के आधार पर हिंसा करते हैं, वे हिंदू धर्म का अपमान करते हैं। मिश्र ने कहा कि इस किताब को लिखना उनके लिए एक बड़ी पीडा से गुजरना था। जिन परिवारों के सदस्य बिना किसी गुनाह के कत्ल कर दिए गए, उनसे उनके दर्द के बारे में बातचीत करना उनके जख्मों को कुरेदने जैसा था। लेकिन यह कठिन काम करना हमारे समय की जरूरत थी। उन्होंने कहा कि हमें यह समझने की जरूरत है कि भीड़ हिंसा सिर्फ अलग-अलग घटनाएं नहीं हैं, इनके पीछे राजनैतिक स्वार्थ हैं जो भीड़ हिंसा के ईंधन का काम करते हैं।

कांग्रेस केंद्रीय वार रूम प्रशिक्षण प्रभारी प्रोफेसर सौरभ वाजपेयी ने कहा कि दयाशंकर की किताब हमारे समाज को आईना दिखाने का काम करती है। जरूरत इस बात की है कि हम हिंदू-मुसलमान के भेद को मिटाकर संवैधानिक और सच्चे धार्मिक मूल्यों के आधार पर अपने राष्ट्र का नवनिर्माण करें।

पूर्व आईएसएस अधिकारी श्रीमती शैलबाला मार्टिन ने कहा कि मॉब लिंचिंग की घटनाएं भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को शर्मसार करती हैं। इसके शिकार मुख्य रूप से मुस्लिम, ईसाई, दलित और आदिवासी बन रहे हैं। इस प्रवृत्ति के खिलाफ देश को एकजुट होने की जरूरत है। इस अवसर पर गांधी भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि हम सबको महात्मा गांधी के रास्ते पर चलने की जरूरत है। इस रास्ते में सांप्रदायिक घृणा और हिंसा के लिए जगह नहीं है। सामाजिक सद्भाव के लिए यह किताब महत्वपूर्ण है।

सभा को साहित्यकार ओम प्रकाश बबेले, डॉ मेजर मनोज राजे, पत्रकार कासिफ काकवी, सामाजिक कार्यकर्ता इनायत अब्बास ने भी संबोधित किया। संचालन सामाजिक कार्यकर्ता सुनील बोरसे ने किया।

जम्मू-कश्मीर में अब शैक्षणिक कलेंडर में बदलाव की ओर सरकार

# स्कूलों में 5 दिन पढ़ाई के प्रस्ताव को लेकर छिड़ी नई बहस

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, देशबन्धु।** जम्मू-कश्मीर में सरकारी और निजी स्कूलों के लिए सप्ताह में पांच दिन कामकाज और शनिवार-रविवार अवकाश की संभावना ने शिक्षा व्यवस्था में नई बहस छेड़ दी है। शिक्षा मंत्री सकीना इट्टू ने प्रस्ताव की व्यवहार्यता जांचने की बात कही है। प्रस्ताव को स्कूल शिक्षा के दोनों निदेशालयों जम्मू-कश्मीर के पास परीक्षण के लिए भेजा जाना है।

फिलहाल यह फैसला घोषित नहीं हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि पांच दिन का सप्ताह लागू होने का सबसे सीधा असर विद्यार्थियों के आराम, पारिवारिक समय और अतिरिक्त गतिविधियों पर पड़ेगा। जबकि प्रस्ताव रखने वाले विधायक हसनैन मसूदी का तर्क है कि बच्चों को पढ़ाई और भारी होमवर्क के बीच पर्याप्त अवकाश नहीं मिल रहा। दो लगातार छुट्टियां उन्हें मानसिक दबाव से उबरने और खेल, रचनात्मक गतिविधियों तथा परिवार के साथ समय बिताने का अवसर दे सकती हैं। हालांकि इसका दूसरा पहलू पढ़ाई के समय का पुनर्गठन है। छह दिन की जगह पांच दिन स्कूल खुलने पर पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए प्रतिदिन कक्षाओं का समय बढ़ाना पड़ सकता है अथवा छुट्टियों और परीक्षा कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ सकता है। इससे विशेष रूप से बोर्ड कक्षाओं पर अतिरिक्त दबाव पड़ने की आशंका रहेगी। याद रहे जम्मू-कश्मीर की शिक्षा व्यवस्था पहले ही बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे और डिजिटल शिक्षा को विस्तार दे रही है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार 3,008 आईसीटी/सीएएल लैब स्थापित हैं और 2,036 अतिरिक्त लैब तथा 4,272 स्मार्ट कक्षाओं पर काम प्रस्तावित है।

ऐसे में सरकार के सामने अब मूल सवाल छुट्टी बढ़ाने का नहीं, बल्कि पांच दिनों में उतनी ही प्रभावी पढ़ाई सुनिश्चित करने का है। अभिभावकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों से राय लेकर फैसला किया गया तो यह बदलाव स्कूलों के समय-सारिणी, होमवर्क और परीक्षा व्यवस्था में व्यापक पुनर्संरचना ला सकता है। वहीं जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ धर्मगुरु मीरवाइज उमर फारूक ने रविवार को जम्मू-कश्मीर में स्कूली बच्चों के लिए 5-दिन के सप्ताह का समर्थन किया। एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात करते हुए मीरवाइज उमर फारूक ने सरकार के सामने स्कूल का समय कम करने के प्रस्ताव पर कहा कि यह एक स्वागत योग्य कदम है और बच्चों की भलाई शिक्षा व्यवस्था के केंद्र में होनी चाहिए।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के एकत्रीकरण कार्यक्रम में होसबाले बोले-

# जाति के नाम पर होने वाला दुर्व्यवहार समाज को कमजोर करता है

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित शाखा संगम और स्वयंसेवक एकत्रीकरण कार्यक्रम में संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने भोपाल विभाग के 5 जिलों से आए करीब 30 हजार स्वयंसेवकों को संबोधित किया। होसबाले ने देश की प्रगति के लिए जागृत, एकजुट और समरस समाज के निर्माण पर जोर दिया।

होसबाले ने कहा कि जन्म के आधार पर भेदभाव को हिंदू समाज का हिस्सा नहीं है, जाति के नाम पर होने वाला दुर्व्यवहार समाज को अंदर से कमजोर करता है। उन्होंने कहा कि जातिभेद और छुआछूत जैसी कुप्रथाओं को मिटाने की शुरुआत हर व्यक्ति को अपने घर और दैनिक आचरण से करनी होगी। केवल मंच से भाषण देने से सामाजिक बदलाव संभव नहीं है, इसके लिए व्यवहारिक धरातल पर परिवर्तन लाना जरूरी है।



होसबाले ने पंच परिवर्तन का जिक्र करते हुए सामाजिक समरसता, परिवार और संस्कार, पर्यावरण संरक्षण, आत्मबोध और नागरिक कर्तव्य को आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी प्रस्तावों या कागजी बैठकों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि हर नागरिक को अपने घर, कार्यस्थल और बस्ती में पौधे लगाने तथा ऊर्जा के संवर्धन के प्रति सचेत रहना होगा। संकट के समय समाज की सामूहिक भागीदारी पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने असम की बाढ़ का उदाहरण दिया। होसबाले ने बताया कि आपदा के वक्त सेवा भारती के साथ आम लोगों, युवाओं और कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर राहत कार्यों में सहयोग किया। उन्होंने महामना मदन मोहन मालवीय के विचारों को साझा करते हुए कहा कि गांवों और बस्तियों की समस्याओं के समाधान के लिए केवल शासन-प्रशासन पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, बल्कि स्थानीय लोगों को भी मिलकर आगे आना चाहिए। इस दौरान स्वयंसेवकों ने अनुशासित शारीरिक प्रदर्शन, घोष वादन और संघ गीत प्रस्तुत किए। अंत में उन्होंने भारत की पांच हजार साल पुरानी सांस्कृतिक यात्रा का स्मरण कराते हुए कहा कि देश ने कई संकट झेले हैं, लेकिन हर बार वह और अधिक मजबूत होकर उभरा है।

हिमाचल: कुल्लू में बिना बारिश आया सैलाब

# आधी रात घरों में घुसा मलबा लोगों ने भागकर बचाई जान

**सैंज (कुल्लू), एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में आधी रात अचानक सैलाब आ गया और लोगों को घर छोड़कर जान बचानी पड़ी। पार्वती जल विद्युत परियोजना चरण-दो के एडिट-5 में टनल लीक होने से रैला पंचायत के पालचरा गांव में अफरा-तफरी मच गई।

बताया जा रहा है कि परियोजना की एडिट-5 में प्रेशर वॉल लीक होने के बाद अचानक भारी मात्रा में पानी बाहर आ गया। बिन बारिश साफ मौसम में पानी का सैलाब देख लोग हैरान हो गए व तुरंत भागने की तरकीब ही अपनाई। पानी के तेज बहाव के साथ एनएचपीसी की डंपिंग साइट का मलबा भी नीचे की ओर बहकर रिहायशी क्षेत्र तक पहुंच गया। इससे पालचरा गांव में कई परिवारों के घर, दुकान व होमस्टे चपेट में आ गए। अचानक आई इस स्थिति से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। पानी और मलबे के घरों तक पहुंचने के बाद प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों की ओर जाना पड़ा। कई लोगों ने रात अपने रिश्तेदारों के घर गुजारी।क ग्रामीणों के अनुसार एनएचपीसी की डंपिंग साइट पर पड़ा भारी मलबा पानी के बहाव के साथ बहकर उनके घरों तक पहुंचा, इससे कई परिवारों को भारी नुकसान होने की बात सामने आई है। कई रिहायशी मकानों के आसपास मलबा जमा हो गया, जबकि रास्तों और अन्य संपत्तियों को भी नुकसान पहुंचने की सूचना है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है और ग्रामीण परियोजना प्रबंधन तथा प्रशासन से मौके का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन करवाने की मांग कर रहे हैं।



**ग्रामीणों में दहशत का माहौल :** ग्रामीणों का कहना है कि परियोजना क्षेत्र में इस तरह पानी और मलबा आने से भविष्य में भी खतरा बना रह सकता है। उन्होंने मांग उठाई कि प्रभावित परिवारों के नुकसान का जल्द आकलन किया जाए तथा उन्हें सुरक्षित स्थान उपलब्ध करवाने के साथ उचित राहत दी जाए। इसके अलावा डंपिंग साइट से मलबा नीचे की ओर न पहुंचे, इसके लिए पुख्ता सुरक्षा इंतजाम किए जाएं।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन**, कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।